MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः4 : अंकः 21 | ग्वालियर, गुरुवार 3 अक्टूबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### वसुंधरा राजे ने अशोक गहलोत और सचिन पायलट को पछाड़ा, सोशल मीडिया पर कितने हैं फॉलोअर्सड़



राजस्थान की राजनीति में वसुंधरा राजे, अशोक गहलोत और सचिन पायलट का अहम स्थान है. वहीं जहां जमीन पर इनके लाखों समर्थक हैं. वहीं सोशल मीडिया पर भी इनके ही सबसे अधिक फॉलोवर्स हैं. ऐसे में वसुंधरा राजे फॉलोवर्स के मामले में सोशल मीडिया पर सबसे आगे हैं. अशोक गहलोत दूसरे स्थान पर और सचिन पायलट तीसरे नंबर पर बने हुएं हैं.
वैसे वसुंधरा राजे भले ही फेसबुक पर अशोक गहलोत और सचिन पायलट से दोगुने आगे हैं, मगर, एक्स और इंस्टाग्राम पर फॉलोवर्स के मामले में तीनों नेता बहुत करीब हैं. रोचक बात यह है कि इन नेताओं के सोशल मीडिया पर फॉलोवर्स की संख्या अब नहीं बढ़ रही है. ये जो संख्या है पहले से है. मगर, अशोक गहलोत के एक्स पर थोड़ा इजाफा हुआ है. ऐसे में यही तीन नेता है जिनके फॉलोवर्स सबसे अधिक है. जानते हैं क्या है असल स्थिति.राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के सोशल मीडिया पर कुछ ऐसी हैं. फॉलोवर्स की स्थिति. सोशल मीडिया के फेसबुक पर 9.5 मिलियन, एक्स पर 5 मिलियन और इंस्टाग्राम पर 1.1 मिलियन फॉलोवर्स हैं. कुल मिलाकर 16 मिलियन फॉलोवर्स हैं.राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सोशल मीडिया पर फॉलोवर्स की स्थिति कुछ ऐसी हैं. फेसबुक पेज पर 4.1 मिलियन फॉलोवर्स है. वहीं एक्स पर 5 मिलियन और इंस्टाग्राम पर 1 मिलियन फॉलोवर्स हैं. कुला मिलाकर 10 मिलियन फॉलोवर्स हैं.राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के सोशल मीडिया पर फॉलोवर्स की कुछ स्थिति ऐसी हैं. फेसबुक पर कुल 2.9 मिलियन फॉलोवर्स हैं. वहीं एक्स पर 4.9 मिलियन फॉलोवर्स हैं. इंस्टाग्राम पर एक मिलियन फॉलोवर्स हैं. कुल मिलाकर सचिन पायलट के पास सोशल मीडिया पर लगभग 9 मिलियन फॉलोवर्स है.

### हिमाचल में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की खैर नहीं, 47 हजार गाड़ियों की चेकिंग, 290 लोग गिरफ्तार



हिमाचल प्रदेश पुलिस ने इन दिनों शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ राज्य व्यापी अभियान छेड़ा है. हिमाचल प्रदेश नियमों का उल्लंघन कर रहे शराबी ड्राइवर पर नकेल कस रही है.बीते एक हफ्ते में 24 सितंबर से लेकर 1 अक्टूबर तक पुलिस ने 46 हजार 901 गाड़ियों की चेकिंग की. इनमें 1 हजार 246 के चालान किए गए. हिमाचल प्रदेश पुलिस महानिदेशक डॉ. अतुल वर्मा ने बताया कि मोटर व्हीकल अधिनियम की धारा-202 के तहत 290 व्यक्तियों को गिरफ्तार भी किया गया है, जबकि 24 सितंबर से पहले इस साल सिर्फ 51 गिरफ्तारियां ही हुई थी.हिमाचल प्रदेश पुलिस महानिदेशक डॉ. अतुल वर्मा ने बताया कि पुलिस ने इस अभियान के दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 483 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की भी सिफारिश की है. हिमाचल प्रदेश पुलिस का यह अभियान 8 अक्टूबर तक जारी रहेगा. डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा ने कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में शामिल है. हिमाचल प्रदेश के डीजीपी ने लोगों से अपील की है कि वह गाड़ी चलाते वक्त नियमों का पालन करें.पुलिस जिला बद्दी में 3033 गाड़ियों की चेकिंग, 106 के चालान, 17 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित करने की सिफारिश और 39 लोगों की गिरफ्तारी हुई. जिला बिलासपुर में 3291 गाड़ियों की चेकिंग, 108 के चालान 59 के लाइसेंस निलंबित करने की सिफारिश और 36 लोगों की गिरफ्तारी हुई. जिला चंबा में 1808 गाड़ियों की चेकिंग, 60 के चालान, 38 के लाइसेंस निलंबित करने के सिफारिश और 12 लोगों की गिरफ्तारी की गई.हमीरपुर में 2047 गाड़ियों की चेकिंग, 25 के चालान और आठ वाहन चालकों के लाइसेंस को निलंबित करने की सिफारिश की गई है. हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में 2413 गाड़ियों की चेकिंग, 85 के चालान, 35 के लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश और तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई. जनजातीय जिला किन्नौर में 216 गाड़ियों की चेकिंग, 26 के चालान, 21 के लाइसेंस निलंबित करने की सिफारिश और पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई.हिमाचल प्रदेश के जिला कुल्लू में सबसे ज्यादा गाड़ियों की चेकिंग की गई. जिला कुल्लू में 5747 गाड़ियों की चेकिंग, 126 के चालान, 11 के लाइसेंस निलंबित करने की सिफारिश और 26 लोगों की गिरफ्तारी हुई.हिमाचल के सबसे कम आबादी वाले लाहौल स्पीति में 905 गाड़ियों की चेकिंग, सात के चालान और चार लोगों के लाइसेंस निलंबित करने की सिफारिश की गई. इसी तरह मंडी में 4309 गाड़ियों की चेकिंग, 134 के चालान, 53 का लाइसेंस निलंबित करने की सिफारिश और 51 लोगों की गिरफ्तारी हुई. पुलिस जिला नूरपुर में 2932 गाड़ियों की चेकिंग, 88 की चालान, 44 लोगों के लाइसेंस निलंबित करने की सिफारिश और 16 लोगों की गिरफ्तारी हुई.

## जन आंदोलन बना पीएम मोदी का मिशन, उज्जैन में स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर बोले केंद्रीय मंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुए स्वच्छता अभियान पखवाड़े का 2 अक्टूबर को समापन हो गया. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इन कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक भी शामिल हुए.गांधी जयंती के अवसर पर उज्जैन में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत उज्जैन नगर पालिका निगम एवं स्मार्ट सिटी द्वारा कोठी रोड से ग्रैंड होटल तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया. इस रैली के माध्यम से स्वच्छ वायु को लेकर लोगों को शपथ दिलाई गई. इस रैली में विधायक अनिल जैन, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह,निगम आयुक्त आशीष पाठक सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए.

**केंद्रीय मंत्री ने गांधी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

-गांधी जयंती के अवसर पर उज्जैन के क्षीरसागर स्थित गांधी बालोद्यान में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस दौरान उद्यान में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत श्रमदान भी किया गया. इसी के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करते हुए सफाई मित्रों को सम्मानित भी किया गया. गांधी जयंती के अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता का मंत्री वीरेंद्र कुमार उज्जैन में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया. उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन एक जन आंदोलन बन गया है. 10 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी शुरुआत की थी. उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, शैक्षणिक परिसर, शासकीय कार्यालय सहित अन्य सार्वजनिक स्थान पर स्वच्छता का वातावरण दिखाई देना, इस अभियान का ही परिणाम है.

## गांधी जयंतीः दिल्ली में जेपी नड्डा समेत BJP के कई नेताओं ने उठाया झाड़ू, दिया स्वच्छता का संदेश



2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के दिन बीजेपी शहर-शहर, गांव-गांव स्वच्छता अभियान बड़े स्तर पर चलाती है. स्वच्छता अभियान को इस साल दस साल पूरे हो गए हैं. दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेताओं ने स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी दिखाई और सफाई कर्मियों से मुलाकात की.दिल्ली के लोधी रोड पर स्वच्छता अभियान में जेपी नड्डा, दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, एमपी बांसुरी स्वराज, अनिल बलूनी समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए.जेपी नड्डा ने कहा, यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया था और आज इसको 10 साल हो गए हैं और सभी को स्वच्छता अभियान में शामिल होना चाहिए और आंदोलन बनाना चाहिए.नड्डा ने कहा कि बीजेपी भविष्य में इस अभियान में तेजी लाने की दिशा में सक्रिय रूप से शामिल रहेगी.

## हर व्यक्ति को पिलाया जाएगा गौमूत्र, गरबा पंडालों में गैर हिंदुओं को रोकने के लिए नेता जी ने निकाला गजब का तरीका



चिंटू वर्मा ने अपने बयान में कहा कि गरबा में आने वाले हर एक इंसान को पिलाया जाएगा गौमूत्रनवरात्र शुरू होने वाला है और पूरे देश में इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। चारों ओर गरबा के लिए पंडाल लगाए जाने लगे हैं। गरबा की धूम अभी से ही देखने को मिलने लगी है। लोग गरबा की प्रैक्टिस के लिए विभिन्न-विभन्न क्लबों में जा रहे हैं। इसी बीच मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले शहर इंदौर में भी इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। नवरात्र में गरबा के लोगों को आमंत्रित किया जाने लगा है। इसी बीच गरबा के आयोजन को लेकर भाजपा नेताओं के सामने कुछ अड़चनें भी आ रही हैं। इनमें से जो सबसे बड़ा मुद्दा है वह ये कि गरबा पंडालों में गैर-हिंदुओं को पंडाल में प्रवेश करने से कैसे रोका जाए। लेकिन इस समस्या का समाधान क्ष्ख्क के एक नेता ने ढूंढ भी लिया है। उन्होंने इसे रोकने के लिए गजब का तरीका खोज निकाला है। इंदौर बीजेपी जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा ने नवरात्रि पर्व पर आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव में गैर हिंदुओं को रोकने के लिए अपना अनूठा आइडिया पेश किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि गरबा पंडाल में आने वाले हर व्यक्ति को गौमूत्र पिलाया जाएगा। इससे कौन हिंदू है और कौन गैर-हिंदू है, यह पता चल जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे में इस तरीके से सांप भी मर जाएगा और लाठी भी नहीं टूटेगी। इतना ही नहीं आगे चिंटू वर्मा ने कहा कि - जो भी व्यक्ति हिंदू होगा, उसे गौमूत्र पीने में कोई आपत्ति नहीं होगी। यह तरीका वहां भी कामयाब है, जहां व्यक्तियों के आधार कार्ड से पहचान करने में चूक हो जाती है। आधार कार्ड को एडिट भी किया जा सकता है। गैर हिन्दू युवक गरबा में आने के लिए तिलक भी लगवा लेते और हाथ पर कलावा भी बांध लेते हैं। लेकिन गौमूत्र ही एक ऐसा तरीका है, जिससे लोगों की असली पहचा हो जाएगी। बीजेपी जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा ने शहर के सभी गरबा आयोजकों से अपील की है कि वे गरबा में आने वाले सभी लोगों को गौमूत्र पिलाकर ही पंडाल में प्रवेश करने की अनुमति दें।

### सिरवेल महादेव के प्रसिद्ध झरने का दिखा रौद्र रूप, वीडियो देख सहम जाएंगे

मध्य प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। प्रदेश के खरगोन जिले में भी बारिश हो रही है। भगवानपुरा व झिरन्या पहाड़ी क्षेत्र में तेज बारिश से नदी नाले रौद्र रूप दिखा रहे हैं। तेज बारिश से भगवानपुरा इलाके आसपास के नदी नाले भी उफान पर हैं। पहाड़ी इलाकों के ऊपरी हिस्सों में लगातार हो रही बारिश से सिरवेल महादेव क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध झरना उफन रहा है। लगभग 25 फीट ऊंचाई से झरना कुंदा नदी में गिरकर बह रहा है, जिसका वीडियो देखकर आप भी सहम जाएंगे।बता दें कि खरगोन जिले में अब तक 112त्र यानी लगभग 910 मिली मीटर की औसत बारिश हो चुकी है। भगवानपुरा थानाक्षेत्र के सिरवेल में भगवान भोलेनाथ का मंदिर इसी झरने के आसपास गुफा में है। झरने का आकर्षण बढ़ने के साथ ही क्षेत्र में खतरा भी बढ़ गया है।

## मैहर में बड़ा हादसा, डंपर और बस की टक्कर में 9 लोगों की मौत, 20 घायल



**मैहर।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यात्रियों को लेकर जा रही एक बस की डंपर से टक्कर हो गई। इस हादसे के बाद बस में सवार 9 लोगों की मौत हो गई। वहीं 20 लोग अभी घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद घायलों को आनन-फानन में नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि प्रयागराज से यात्रियों को लेकर बस नागपुर जा रही थी, इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी डंपर से बस की टक्कर हो गई, जिससे ये हादसा हुआ।घटना के बारे में जानकारी देते हुए मैहर के एसपी सुधीर अग्रवाल ने बताया, एक स्लीपर बस प्रयागराज से नागपुर जा रही थी। जब वह देहात थाना क्षेत्र के पास पहुंची तो सड़क पर खड़े पत्थरों से लदे ट्रक से टकरा गई। टक्कर काफी भीषण थी, जिससे बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और बस क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। हमने तुरंत बचाव अभियान चलाने के लिए अपनी टीम को बुलाया।

## रेप के आरोपी को पकड़ने के लिए रात में ड्रोन से सर्चिंग कर रही पुलिस, रेप के आरोपी को रात में पकड़ने के लिए ड्रोन से सर्चिंग



हरदाः मध्य प्रदेश के हरदा जिले में पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। रेप के आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस थर्मल इमेज नाइट विजन ड्रोन से सर्च अभियान चला रही है। पुलिस ने देर रात जंगल क्षेत्र में थर्मल इमेज नाइट विजन ड्रोन से सर्चिंग की। आरोपी को ड्रोन से सर्चिंग कर पक?ने का संभवत मध्य प्रदेश का पहला मामला बताया जा रहा है। आरोपी पर 10 हजार रूपये का इनाम भी घोषित हो चुका है।जानकारी के अनुसार, हरदा जिले के छीपाबड़ थाना क्षेत्र में पांच साल की मासूम से दुष्कर्म करने वाला आरोपी फरार चल रहा है। इसको पकड़ने के लिए पुलिस सभी तरीके अपना रही है फिर से आरोपी पकड़ से बाहर है। पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए भोपाल से थर्मल इमेज नाइट विजन ड्रोन कैमरा मंगाया है। इससे देर रात पुलिस टीम द्वारा सिराली थाना क्षेत्र के जंगलों में ड्रोन कैमरे से सर्चिंग की गई।पुलिस को आरोपी सुनील के जंगल में छुपे होने की सूचना मिली थी। इसलिए ड्रोन की मदद से जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर सिराली क्षेत्र के जंगलों में आरोपी की तलाश ड्रोन की मदद से की जा रही है। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी नहीं मिला तो पुलिस अब आधुनिक तकनीक से उसकी तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर आदित्य सिंह ने मध्य प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम भोपाल से ये नाइट विजन ड्रोन कैमरा मंगाया है। जिसमें थर्मल सेंसर होते हैं। इसमें नॉर्मल ह्यूमन टेंपरेचर सेट किया जा सकता है। इस कैमरा की मदद से किसी भी घने एरिया में किसी को भी ढूंढना आसान होता है। कलेक्टर का कहना है कि इस ड्रोन कैमरे की मदद से घने जंगलों में रात में इस अपराधी की खोज की जा रही है। गुरुवार रात से ही इस कैमरे की मदद से अपराधी को खोजने का काम शुरू कर दिया गया है।

## हरियाणा में कल थम जाएगा प्रचार का शोर, जीत के लिए सभी दलों के नेता झोंक रहे हैं पूरी ताकत




हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार (3 अक्टूबर) को प्रचार का दौर थम जाएगा. उससे पहले बुधवार को सभी पार्टियों के नेताओं और उम्मीदवारों ने अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रचार में पूरी ताकत झोंकी. इस दौरान सभी नेताओं ने विधानसभा चुनाव में अपनी जीत का दावा करते नजर आ रहे हैं. तमाम दलों की ओर से मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही हैसभी दलों के नेताओं, स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों ने बुधवार को प्रदेश में कई जगह रैलियां, जनसभाएं करते हुए नेताओं ने लोगों से अपने पक्ष में वोट की अपील की. गुरुवार यानी 3 अक्टूबर को चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक सिर्फ डोर टू डोर अभियान चला सकते हैं. हरियाणा विधानसभा की सभी 90 सीटों पर 5 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे जबकि नतीजों की घोषणा 8 अक्टूबर को होगी. इस दिन सभी दलों के प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला हो जाएगा. इस बार चुनाव प्रचार का अभियान लंबा चला. पहले 1 अक्टूबर को ही वोटिंग होनी थी लेकिन निर्वाचन आयोग की ओर से तारीख बढ़ाकर 5 अक्टूबर किए जाने के बाद सभी प्रत्याशियों और उनके स्टार प्रचारकों को लोगों के बीच जाने का काफी वक्त मिला.हरियाणा विधानसभा चुनाव में इस बार कुल 1028 उम्मीदवार मैदान में हैं. प्रदेश में बीजेपी, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, जेजेपी, आईएनएलडी और उनके सहयोगी मुख्य तौर से चुनाव मैदान में हैं. हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन के घटक दल आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के साथ तालमेल नहीं बैठ पाई और दोनों पार्टियां अलग-अलग चुनाव में उतरी है. लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने,क्क के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था.हरियाणा में कई हाईप्रोफाइल सीट हैं, जहां पार्टियों के दिग्गज नेता चुनाव मैदान में उतरे हैं. लाडवा सीट से प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी चुनाव लड़ रहे हैं. इस सीट पर उनका मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा विधायक मेवा सिंह से होगा. अंबाला कैंट से बीजेपी नेता और पूर्व मंत्री चुनाव मैदान में उतरे हैं. इस सीट पर कांग्रेस की बागी चित्रा सरवारा भी चुनाव लड़ रही हैं. कांग्रेस ने परविंदर सिंह पारी को चुनावी मैदान में उतारा है. डबवाली से देवीलाल परिवार के सदस्य आमने-सामने हैं. दिग्विजय चौटाला जेजेपी की टिकट से मैदान में हैं. देवीलाल के भाई के पोते अमित सिहाग कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं. जुलाना से रेसलर विनेश फोगाट कांग्रेस की टिकट पर मैदान में हैं. तोशाम सीट पर बंसीलाल के पोते और पोती आमने-सामने हैं. यहां बीजेपी से किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी और कांग्रेस से अनिरुद्ध चौधरी का मुख्य मुकाबला है.

## गांधी जयंती पर 10 टीबी मुक्त गांव के प्रधान सम्मानित, मंत्री बोले- स्वच्छता बना चुका है मिशन

आज यानी बुधवार (2 अक्टूबर) को पूरे देश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती मनाई जा रही है. राष्ट्रपिता की जयंती पर अलग-अलग कार्यक्रम में आयोजित किए जा रहे हैं. इस मौके पर अलीगढ़ में बापू की जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया.बापू की जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस के तहत अलीगड़ के कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में जनपद स्तरीय विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में प्रदेश के गन्ना विकास, चीनी मिल मंत्री और अलीगढ़ जिला प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी शामिल हुए.कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. कार्यक्रम में स्वच्छता के लिए जागरूक ग्राम प्रधानों, सचिव, पंचायत सहायकों, सफाई मित्रों, 10 टीबी मुक्त ग्राम प्रधानों और स्वच्छता के क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाले एनजीओ को सम्मानित कर उन्हें स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई



गई.कार्यक्रम में अलीगढ़ प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने अपने संबोधन में कहा, ÷महात्मा गांधी कहते थे कि स्वच्छता आजादी से ज्यादा जरूरी है. निरन्तर प्रयास करते हुए हम भारत को स्वच्छ बना सकते हैं.÷ उन्होंने कहा, ÷आज स्वच्छता सबसे बड़ी जनभागीदारी और जन नेतृत्व वाला मिशन बन चुका है. हर जगह स्वच्छता का संदेश पहुंच रहा है.कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक की बात पर करोड़ों लोग जूट और कपड़े का बैग लेकर निकलने लगे हैं. उन्होंने दावा किया कि आजादी के बाद बापू के स्वच्छता, स्वदेशी, ग्राम स्वराज जैसे आंदोलनों को भुला दिया गया.केंद्र सरकार की तारीफ करते हुए लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी ने आगे बड़कर हाथ में झाड़ू उठाई और सभी को स्वच्छता का संदेश देकर सफाई को एक जन आंदोलन बना दिया.÷ उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी ने जो भी आंदोलन चलाए, जन सहयोग के माध्यम से उन्हें सफल भी बनाया. जब प्रधानमंत्री ने झाड़ू उठाई तो सभी ने स्वच्छता पर ध्यान दिया और आज देश की बहुत बड़ी आबादी निरोगी हो गई ह

# दतिया आज दिनांक 02/10/2024 को आबकारी विभाग की फिर दबिश





**संदीप प्रधान उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

शुष्क दिवस के अवसर पर कलेक्ट श्री संदीप माकिन एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता श्री प्रमोद कुमार झा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी दतिया श्री राकेश राणा के मार्गदर्शन में आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी दतिया श्री टी आर वर्मा द्वारा दतिया में अवैध शराब के विक्रय के विरुद्ध निम्न कार्यवाही की गई

(1) केशो पत्नी भारत कंजर, उम्र 52 वर्ष, निवासी झडिया कंजर डेरा से करन सागर, दतिया पर 25 पाउच हाथभट्टी मदिरा।

2) हेमवती पत्नी पिंटू कंजर, उम्र 22 वर्ष, निवासी प्रकाश नगर कंजर डेरा से हडा पहाड़, दतिया पर 23 पाउच हाथभट्टी मदिरा।

3) विनीता पत्नी सुमित कंजर, उम्र 20 वर्ष, निवासी झडिया कंजर डेरा, दतिया से सेवढ़ा चुंगी, दतिया पर 24 पाउच हाथभट्टी मदिरा।

4) जिला अस्पताल के पीछे, दतिया रोड किनारे शासकीय भूमि पर 90 पाउच हाथभट्टी मदिरा।

मदिरा को जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क के अंतर्गत 04 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए जिनमें कुल 32.4 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई। जप्त मदिरा का कुल अनुमानित मूल्य 6480/- रुपए है।

**उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक श्री संजय शर्मा, श्री मनीष यादव एवं वाहन चालक श्री अजय गौतम का सराहनीय योगदान रहा।**

# महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के आदर्शों को सभी को अपनाना चाहिए - कांग्रेस

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**जिला कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई**

भिण्ड। बीटीआई रोड़ पर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर संगोष्ठी आयोजित कर जयंती मनाई गई।संगोष्ठी में नेताद्वय की जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद,जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव,अनु. जाति समन्वय समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल चौरसिया,जिला मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी,जिला कोषाध्यक्ष योगेश कुमार शाक्य ने विचार रखते हुए कहा कि 2 अक्टूबर भारत में एक महत्वपूर्ण तिथि है,क्योंकि इस दिन महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई जाती है। यह दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और देश की राजनीति में उनके योगदान को सम्मान देने का प्रतीक है। लोग उन्हें महात्मा और राष्ट्रपिता भी कहते है। गांधी जी का जीवन शांति और अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांतों पर आधारित था । उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ अहिंसक प्रतिरोध की अनूठी रणनीति



अपनाई। गांधी जी ने नमक कर के खिलाफ 240 मील लंबा पैदल मार्च किया,जिसे दांडी यात्रा कहा जाता है। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण मोड़ था।गांधी जी के नेतृत्व में सविनय अवज्ञा आंदोलन ने अंग्रेज़ी कानूनों का शांतिपूर्ण उल्लंघन करते हुए स्वतंत्रता संग्राम को बढ़ावा दिया। गांधी जी का जीवन सरल और स्वावलंबन पर आधारित था। वह अपने लिए कपड़े खुद बुनते थे और चरखा चलाने का महत्व बताते थे। विश्व शांति के प्रतीक गांधी जी की अहिंसक विचारधारा ने न केवल भारत,बल्कि पूरे विश्व में प्रेरणा दी। नेल्सन मंडेला जैसे कई नेताओं ने उनके सिद्धांतों का अनुसरण किया,किंतु उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिला,लेकिन उनकी विचारधारा के लिए वे हमेशा से एक बड़े सम्मान के पात्र रहे हैं।पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी अपने साधारण स्वभाव और ईमानदारी के लिए जाने जाते थे। उनका आदर्श वाक्य था सादा जीवन,उच्च विचार। शास्त्री जी ने जय जवान,जय किसान का नारा जो भारतीय सेना और किसानों के लिए प्रेरणा बना,यह नारा आज भी भारतीय समाज के मूल्यों को दर्शाता है। शास्त्री जी ने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरित क्रांति की शुरुआत की। इससे भारत कृषि क्षेत्र में मजबूत बनकर उभरा ।

शास्त्री जी भारत के दूसरे प्रधानमंत्री बने,उनके कार्यकाल में भारत ने युद्ध और खाद्यान्न संकट के बावजूद प्रगति की। सरलता के प्रतीक शास्त्री जी का जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणा है। उनका आत्म निर्भरता और देशसेवा पर अटूट विश्वास था।2 अक्टूबर का दिन गांधी जी के विचारों,जैसे सत्य,अहिंसा और स्वराज को याद करने और अपनाने का अवसर है। इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है,यह दिन महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपनाने और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष और इन महान नेताओं द्वारा किये गए बलिदान को याद करने का दिन है।

संगोष्ठी में मुख्य रूप से जिला प्रशिक्षण प्रभारी देवेंद्र सिंह नरवरिया एडवोकेट,भागीरथ सिंह कुशवाहा, इसाक खान गांधी,मनोज कुमार जैन मामा,उमा सिंह राजावत एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ की बैठक संपन्न,सामाजिक मुद्दों पर हुई चर्चा




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

अटेर। श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ की बैठक प्रतापपुरा अटेर में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन श्री राधे श्याम शर्मा जिला सचिव,प्रमोद दुबे जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष अटेर शिवकुमार शर्मा द्वारा किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रमेश कटारे द्वारा की गई। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्टीय उपाध्यक्ष प्रदेश प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्टीय संगठन मंत्री सीताराम नारोलिया, प्रदेश संगठन मंत्री सुरेश दांतरे, प्रदेश कार्यालय प्रभारी रामशंकर शर्मा, ग्वालियर जिलाध्यक्ष सतीश तिवारी मंचाशीन रहे। भगवान श्री परशुराम की तस्वीर पर फूलमाला अर्पण कर पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई,आये हुए अतिथियों का जिलाध्यक्ष सहित उपस्थित ब्राह्मण समाज के लोगों ने फूलमाला। पहनाकर स्वागत किया। बैठक का उद्देश समाज फैली बुराई और ब्राह्मण एकता रहा। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्टीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा ने कहा की आज जरूरत है ब्राह्मण समाज को अपनी शक्ति पहचानने की और उसका सदुपयोग कर जरूरतमंद ब्राह्मण को यथा संभव सहयोग कर उसका उत्थान किया जाए, इसके साथ ही यह भी चर्चा हुई की कैसे सभी ब्राह्मण संगठनों को एक छतरी के नीचे लाकर संगठित करने की पुरजोर कोशिश की जाए। वहीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष रमेश कटारे ने जिला कार्यकारिणी विस्तार को लेकर भी चर्चा कर कहा कि जल्द से जल्द जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी जायेगी। बैठक में रमेश कुमार बरुआ,प्रदीप बरुआ, दिनेश पांडे जी,हरिओम पुरोहित,शिवकुमार पुरोहित,शिवानंद पुरोहित,रामरतन भारद्वाज,संतोष भटेले,राजू भटेले, विजय बिधौलिया,बृज किशोर श्रीधर,पप्पू सरपंच,राम ज्ञान सोती, कल्लू भटेले सत्तू पाठक ग्राम खेरी से सुरेंद्र कुमार,शिवदत्त शर्मा, राधेश्याम शर्मा, देवेंद्र कुमार शर्मा,कमलेश शर्मा,जय कुमार शर्मा,सत्येंद्र महेरे, ध्रुव शर्मा,राजू ढमोले,रामसेवक पुरोहित,कमलेश उर्फ पप्पी शर्मा, श्रीकृष्ण पुरोहित सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# शहर कांग्रेस व नगर कांग्रेस ने मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती शहर जिला कांग्रेस और नगर कांग्रेस ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर मनाई गई इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और किसानों और जवानों के हितेषी लाल बहादुर शास्त्री जी हमेशा याद किए जाएंगे भारत के लिए 2 अक्टूबर का दिन काफी महत्वपूर्ण है। 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अलावा लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी मनाई जाती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। उनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था। आगे चलकर लोगों के बीच वह बापू के नाम से पुकारे जाने लगे। बापू ने देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करवाने में सबसे अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अपने सत्य और अहिंसा के सिद्धांत के दम पर अंग्रेजों को कई बार घुटने टेकने पर मजबूर कर



दिया। उनके अहिंसा के सिद्धांत को पूरी दुनिया ने सलाम किया, यही वजह है कि पूरा विश्व आज का दिन अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के तौर पर भी मनाता है।पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी एक क्रांतिकारी व्यक्ति थे इसके लिए शास्त्री जी को जेल भी जाना पड़ा। आजादी के बाद शास्त्री जी की साफ-सुथरी छवि ने उन्हे नेहरू जी के मृत्यु के बाद देश का दूसरा प्रधानमंत्री बनाया भारत-पाकिस्तान की लड़ाई में सेना को खुली छूट देना, उन्होंने नारा दिया जय जवान जय किसान ताशकंद समझौता जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाये पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री अपने देश के लिए बलिदान और सच्ची देश भक्ती के लिए सदैव जाने जाएंगे। मरणोपरांत इन्हे भारत रत्न से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी पान सिंह सुमन बाबूजी डॉ वीरेंद्र भदोरिया स्नेह लता जैन राहुल कुशवाह अनिरुद्ध त्रिपाठी रामहेत शाक्य छोटे सिंह नरवरिया जादू खान सुखप्रीत मिश्रा प्रमोद दीक्षित नागेंद्र भदोरिया अजय जैन विनोद जाटव वकील खान बलराम जाटव,शैलेंद्र भदोरिया, आनंद शांति स्वरूप शाक्य सतेंद्र भदोरिया, विजय दैपुरिया, प्रमोद शर्मा, गोपाल राजावत मोहम्मद इरफान गामू ,वीर प्रकाश श्रीवास्तव,संजय यादव,रामरतन यादव,पवन चौरसिया,मनोज जैन मामा,आनंद शाक्य,नरेंद्र शाक्य गोविंद राजावत आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# नवदुर्गा ,दशहरा आदि त्योहारों को लेकर गोहद अनुभाग के सभी थानों में हुई शांति समिति की बैठक





**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

गोहद-नवदुर्गा दशहरा आदि त्योहारों को लेकर गोहद में शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान गोहद में एसडीओपी सौरभ कुमार थाना प्रभारी मनीष धाकड़, तहसीलदार विश्राम शाक्य, नगरपालिका सीएमओ प्रीतम मांझी, सहित नगर की गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वहीं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक ली।जिसमें नवदुर्गा, दशहरा आदि त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। एवं नवदुर्गा में लगने वाली झांकियों एवं पंडालों को लेकर पुलिस एवं प्रशासन की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान एसडीओपी ने कहा।कि सभी आयोजन कर्ता सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखें।यदि कहीं भी कोई अपराधिक किस्म का व्यक्ति दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पंडालों में विधुत का तार खुले न छोड़ें, अस्थाई विधुत कनेक्शन लेकर विधुत उपयोग करें।साथ ही सीएमओ को नगर में स्ट्रीट लाइट सही कराने,कैमरे लगवाने,एवं साफ सफाई पर ध्यानाकर्षण करने की बात कही। माता विसर्जन बैसली डेम के नीचे छोटे पुल के पास करने का निर्णय लिया गया।वहीं विधुत विभाग द्वारा सभी पंडालों का निरीक्षण कर विधुत व्यवस्था सुधारने की बात कही।इस दौरान सीएमओ प्रीतम मांझी, एसडीओपी सौरभ कुमार,थाना प्रभारी मनीष धाकड़ , तहसीलदार विश्राम शाक्य, नगरपालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहौर , उपाध्यक्ष सुनील कांकर, पार्षद, बृजेन्द्र यादव, लाखन सिंह,साबू खान,बल्लू सेमर,अबरार खां,तहसील शाह,भूपेंद्र गुर्जर,सतीश गुर्जर,सोहिल नवी, राजेंद्र परिहार एवं माता रानी विराजमान करने बाले आयोजक सहित लगभग आधा सैकड़ा लोग उपस्थित थे।

# कैबिनेट मंत्री श्री शुक्ला ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर झाडू लगाकर स्वच्छता पखवाडे कार्यक्रम का किया समापन स्वच्छता की दिलाई शपथ



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। नवीन एवं नवकरणीय उर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने आज मेहगांव गल्लामण्डी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर झाडू लगाकर स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान नवीन एवं नवकरणीय उर्जा मंत्री,क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह ने मंगल भवन गल्ला मण्डी प्रांगण में झाडू लगाई। इस दौरान महिला मोर्चा की ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती सुधा राठौर, कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत जगदीश प्रसाद गोमे,एसडीएम मेहगांव नवनीत शर्मा सहित जनप्रतिधि एवं अधिकारीगण तथा आमजन उपस्थित थे।नवीन एवं नवकरणीय उर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर 2024 से आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवाडा आयोजित किया गया था। जिसका आज समापन किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दिन, प्रतिदिन,सालभर बराबर चलती रहे। जब अपना घर,मोहल्ला,शहर साफ रहेगा, तो बीमारी नही पनपेगी । उन्होंने इस दौरान स्वच्छता की उपस्थितजनों को शपथ दिलाई और लोगों से कहा कि आज हम सभी संकल्प लेकर जाए कि हम अपने घर मोहल्ला एवं शहर को साफ रखेंगे। स्वच्छता का कार्यक्रम पूरे देश में चल रहा है। लोग शर्म छोडकर झाडू लेकर घर एवं मोहल्ले को स्वच्छ बनाने का काम करें। इस अवसर पर उन्होंने दो सफाई मित्रों का शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह,कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने भी स्वच्छता पर उदबोधन दिया। गांधी रोड मेहगांव स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर नवीन एवं नवकरणीय उर्जा मंत्री राकेश शुक्ला,क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय, जिलापंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह सहित अन्य अतिथियों ने माल्यापर्ण किया।

# मौ कांग्रेस द्वारा मनाई गई गांधी एवं शास्त्री की जयंती



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

मौ।मौ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मौ नगर में गांधी जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। 2 अक्टूबर गांधी जी एवं शास्त्री जी जयंती के अवसर पर मौ नगर में कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकत्रित होकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई जिसमें पुराने बस स्टैंड पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को मिठाई भी वितरण की गई। गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुऐ मो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप यादव ने ने कहा कि इस देश को गांधीवादी विचारधारा से जोड़ने की जरूरत है क्योंकि देश को तोड़ने में कई असामाजिक तत्व लगे हुए हैं ऐसे में जरूरत है कि हमें नैतिकता के साथ गांधीवादी विचारधारा को दिल में रखते हुए एक दूसरे से भाई चारा अपनाना चाहिए एवं सत्य अहिंशा के मार्ग पर चलना चाहिए।पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने देश को खाद्यान में आत्म निर्भर बनाया उन्हें हमेशा याद किया जायेगा। जयंती में शामिल हुए कांग्रेस कार्यकर्ता जिला महामंत्री राजीव कौशिक डॉ दिनेश जैन सोबरन बबा कमलेश सोनी धर्मेंद्र बाबा इकबाल खां जायद खान सोनपाल यादव तिलक सिंह राजोरिया इरसाद खां पठान राजा खान हरी चाचा मुन्ना अंसारी राजवीर यादव मेजर दिलशाद राम अवतार शिवहरे आलोक मिश्रा पूरन सिंह बघेल रामेश्वर यादव विनोद यादव मनोज यादव छोटे लाल यादव मनोज गोयल बालाराम दिनेश यादव दिनेश राठौर समीर खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला सीईओ ने समस्त शाखा प्रभारियों की बैठक ली...



**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

मुरैना... मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुरैना डॉ. इच्छित गड़पाले ने समस्त शाखाओं के प्रभारियों व जिला पंचायत स्टाफ की बैठक ली। बैठक में जिला सीईओ डॉ. इच्छित गड़पाले ने टीएल पत्रक पेंडेंसी, जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन, टेबिल निरीक्षण व ग्रेडिंग पर शाखा वार समीक्षा की। उन्होंने सभी को दैनिक आधार पर समीक्षा कर 10 अक्टूबर तक ''ए'' ग्रेड आने की कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में पीओ मनरेगा श्री तिलक सिंह, डीपीएम श्री दिनेश सिंह तोमर, डीसीएसबीएम श्री कमल सिंह, एओ श्री एम.एम. बेग सहित समस्त शाखा प्रभारी और सहायक उपस्थित थे।

संपादकीय

# चिकित्सा अनुदान का दुरुपयोग

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की फटकार ने निश्चित रूप से पंजाब सरकार की वित्तीय प्राथमिकताओं में घोर कुप्रबंधन को ही उजागर किया है। विडंबना यह है कि शासन–प्रशासन ने राज्य में स्वास्थ्य संबंधी दायित्व तो पूरे नहीं किए, लेकिन तंत्र के विलासितापूर्ण खर्चे बदस्तूर जारी रहे। कमजोर वर्ग के मरीजों को राहत देने के मकसद से शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के तहत केंद्र सरकार से मिले तीन सौ पचास करोड़ रुपये प्राप्त करने के बावजूद सरकार अस्पतालों के लिये यह धनराशि जारी करने में विफल रही। जिसके चलते चिकित्सा संस्थानों का राज्य सरकार पर करीब पांच सौ करोड़ धन बकाया रह गया है। यह विडंबना ही है कि शासन की यह लापरवाही ऐसे समय में उजागर हुई है जब राज्यभर के अस्पताल वित्तीय संकट के कारण मरीजों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा देने के लिये संघर्ष कर रहे हैं। कोर्ट के आदेश पर वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारियों का वेतन रोकने का यह कदम जवाबदेही तय करने की दिशा में एक अनुकरणीय पहल है। यह मामला स्वास्थ्य जैसी आवश्यक सेवा की अनदेखी से जुड़ा है। राजनेताओं के लिये नई कारों, कार्यालयों के नवीकरण का खर्च व महंगे विज्ञापन जैसे गैर आवश्यक खर्च के लिये इस धन के खर्च करने के कारण यह मामला बेहत गंभीर हो गया है। जिसके चलते अदालत ने इस दिशा में सख्त कार्रवाई की जरूरत को रेखांकित किया है। जो राज्य सरकार के लिये एक सबक भी है। यह प्रकरण बताता है कि शासन प्रशासन अपनी प्राथमिकताओं के निर्धारण में कितना संवेदनहीन बन जाता है। वह चिकित्सा सुविधाओं के लिये आवंटित धन के दुरुपयोग से भी गुरेज नहीं करता है। कैसी विडंबना है कि मरीजों को सस्ता व जरूरी उपचार सुनिश्चित करने वाली योजना के लिये आवंटित धन को विलासिता के लिये खर्च करने में गुरेज नहीं किया गया। निश्चय ही यह घटनाक्रम खराब शासन को ही दर्शाता है। वहीं सार्वजनिक कल्याण के लिये प्रशासन की प्रतिबद्धताओं से जुड़ी नैतिक चिंताओं पर भी सवालिया निशान लगाता है। ऐसे ही आर्थिक कुप्रबंधन के चलते पंजाब की वित्तीय परेशानियां लगातार बढ़ते राजकोषीय घाटे के कारण और भी बढ़ गई हैं। जिसका दबाव आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं पर पड़ रहा है। राज्य द्वारा धन का गलत तरीके से आवंटन शासन की विफलता को ही दर्शाता है। रिपोर्टें बताती हैं कि जहां राजनेताओं व नौकरशाहों को बड़े अनुदान से लाभ होता है, वहीं अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को बढ़ते कर्ज और वित्तीय संसाधनों की कमी से जूझना पड़ता है। जिसका सीधा असर रोगियों की देखभाल व सार्वजनिक स्वास्थ्य की गुणवत्ता पर पड़ता है। उच्च न्यायालय द्वारा सरकारी खर्च के संबंध में पारदर्शिता की मांग सही दिशा में उठाया गया कदम है। शासन प्रशासन को अनावश्यक विलासिता के स्थान पर स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# इलेक्टोरल बॉन्ड्स: भाजपा बेनकाब

**डॉ. दीपक पाचपोर**

*केंद्र को अब पारदर्शी चुनावी फंडिंग प्रणाली पर काम करना चाहिएसर्वोच्च न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआ*

बंगलुरु के तिलक नगर पुलिस स्टेशन में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दर्ज एफआईआर ने पूरी भारतीय जनता पार्टी को मुश्किल में डाल दिया है। यह एफआईआर बंगलुरु हाईकोर्ट के निर्देश पर की गयी है। इसके अनुसार सीतारमण एवं अन्य लोगों ने केन्द्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय का डर दिखाकर 8000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की राशि उगाही थी। जनाधिकार संघर्ष परिषद के सह अध्यक्ष आदर्श अय्यर ने बंगलुरु की जन प्रतिनिधियों की विशेष अदालत में एक शिकायत दर्ज की थी जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि चुनावी बॉन्ड्स के रूप में जबरन डरा–धमकाकर धन की वसूली की गयी है। एसीएमएम कोर्ट ने शिकायत की एक प्रति रिकॉर्ड के लिये थाने भेजने का भी निर्देश दिया है। एफआरआई के लम्बित होने के कारण सुनवाई 10 अक्टूबर तक के लिये टाली गयी है। शिकायतकर्ता के अनुसार सीतारमण ने ईडी अधिकारियों के माध्यम से जो जबरन वसूली की, उसमें अन्य भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का भी सहयोग था। शिकायत में ईडी अधिकारियों तथा केन्द्रीय कार्यालय के अधिकारी तो शामिल हैं ही, कर्नाटक भाजपा के पूर्व सांसद नलिन कुमार कतील, भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेन्द्र एवं एक और भाजपा नेता शामिल है।आरोप है कि वित्तमंत्री पद पर बैठी सीतारमण तथा अन्य लोगों ने 8000 करोड़ रुपयों की जबरन वसूली की। विभिन्न कार्पोरेट कम्पनियों के उच्चाधिकारियों को गिरफ्तारी का डर दिखाया गया तथा छापों की धमकी देकर भाजपा के लिये चुनावी बॉन्ड्स खरीदने पर मजबूर किया गया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सरकार द्वारा 2019 में लाई गई इलेक्टोरल बॉन्ड्स की योजना को असंवैधानिक बतलाते हुए इसे लोगों के सूचना के अधिकार का हनन भी बताया था क्योंकि भाजपा सरकार उन लोगों के नाम जाहिर करने से इंकार करती रही जिन्होंने उसे इस रूप में चंदा दिया था। सरकार का यह कहना था कि जनता को इससे कोई सरोकार ही नहीं होना चाहिये कि किन लोगों ने किन राजनैतिक दलों को चंदा दिया है। ये बॉन्ड्स भारतीय स्टेट बैंक के जरिये खरीदे गये थे। स्वतंत्र याचिकाकर्ताओं की मांग थी कि लोकसभा चुनाव (2024) के पहले यह सूची जारी होनी चाहिये ताकि नागरिकों को पता चल सके कि किस पार्टी ने किस कम्पनी से कितने पैसे लिये हैं जबकि इसके लिये सरकार तथा उसके इशारे पर एसबीआई तैयार नहीं थी। बैंक अधिकारियों का कहना था कि इस काम के लिये उन्हें तीन माह का समय लग जायेगा। उद्देश्य यह था कि तब तक चुनाव निकल जाये तत्पश्चात ही ये आंकड़े सार्वजनिक किये जायें ताकि उसका चुनावी परिणामों पर असर न हो। देश की कारोबारी लॉबी ने भी इस मामले में शामिल होकर उच्चतम न्यायालय से गुजारिश की थी कि ऐसा न होने दिया जाये वरना उनकी साख पर भी बट्टा लग सकता है। सुप्रीम कोर्ट की कड़ाई के बाद जब ये आंकड़े केन्द्रीय निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड हुए तो देश में तूफान खड़ा हो गया। उसके साथ ही ये जानकारियां भी सामने आईं कि किस तरह से छापेमारी तथा गिरफ्तारियों का डर दिखाकर कम्पनियों एवं कारोबारियों से भाजपा ने बॉन्ड्स खरीदवाए थे। इतना ही नहीं, यह भी सामने आ गया कि ईडी, आयकर, सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों का किस तरह से दुरुपयोग भाजपा सरकार द्वारा किया गया था। ईडी तथा आयकर के सूत्र वित्त मंत्री के हाथों में होते हैं। इसलिये पहले से ही सीतारमण की ओर भी शक की सुइयां घूमती रही थीं। यह अलग बात है कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पीछे छिपती रहीं। नया खुलासा उसी श्रृंखला की एक कड़ी के रूप में देखा जाना चाहिये। वैसे तो पहले ही यह स्पष्ट हो चुका था कि भाजपा इन एजेंसियों के माध्यम से धन उगाही करती रही है, नयी बात तो यह है कि भाजपा का यह दावा भी खोखला साबित हो गया है कि इन एजेंसियों को सरकार की ओर से कोई निर्देश नहीं दिये जाते और उनके अधिकारियों को भ्रष्टाचार को रोकने की खुली छूट दी गयी है। इस आशय के बयान स्वयं मोदी संसद के भीतर तथा मीडिया में देते रहे हैं। इस एफआईआर ने साबित कर दिया है कि विपक्ष का यह आरोप बिलकुल सही था कि सरकार के इशारे पर ये छापेमारी तथा गिरफ्तारियां होती रही हैं जिसका उद्देश्य लोगों से धन उगाही करना है। इलेक्टोरल बॉन्ड्स के खुलासे के बाद ज्ञात हुआ कि न केवल छापेमारी के डर से कम्पनियों ने बॉन्ड्स खरीदे बल्कि बहुत से ऐसे भी हैं जिन्होंने इसके बल पर सरकार से बड़े ठेके प्राप्त किये। भाजपा खुद को भ्रष्टाचार से मुक्त तथा सारे विपक्ष को भ्रष्ट कहती आई है। जांच के नाम पर न जाने कितने विपक्षी लोगों के यहां छापे मारे गये और अनेक को जेल भेजा गया। यदि भाजपा का भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस का दावा इतना ही सही है तो सरकार को चाहिये कि वह इस मामले की जांच करे तथा भाजपा जो अपने को पार्टी विद ए डिफरेंस कहती आई है, उसे चाहिये कि वह तत्काल सीतारमण का इस्तीफा ले। हालांकि ऐसा होगा नहीं क्योंकि सभी जानते हैं कि वे कठपुतली मात्र हैं जो मोदी–शाह के इशारे पर काम करती हैं। सीतारमण को ही चाहिये कि वे तब तक अपने आप को वित्त मंत्रालय से अलग कर लें जब तक कि इस मामले की जांच पूरी नहीं होती। लोकतांत्रिक और नैतिकता का तकाजा यही है। इसे लेकर कांग्रेस हमलावर है, जो कि स्वाभाविक ही है।

# मोदी का एक ही सपना, मुस्लिम बहुल राज्य में अपनी सरकार बनाने का

**शकील अख्तर**

तोजो हमारी शंका थी उसी के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू–कश्मीर में अपनी आखिरी सभा में दावा कर ही दिया। हालांकि ऐसा दावा कश्मीर को लेकर किसी प्रधानमंत्री ने कभी नहीं किया। सबने एक ही बात कही है कि पार्टी कोई भी जीते सरकार किसी की भी बने वहां जीत भारत के लोकतंत्र की होना चाहिए। नरसिम्हा राव से लेकर वाजपेयी और मनमोहन सिंह तक ने। मगर मोदी ने शनिवार को जम्मू में कहा कि पहली बार जम्मू–कश्मीर में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। हम पहले से कहते रहे हैं कि– जम्मू– कश्मीर में लगातार चुनाव टाले जाने की एक ही वजह है कि मोदी को वहां अपना मुख्यमंत्री बनाए जाने की संभावना नहीं दिख रही है। मोदी जी कहने को तो खुद की तुलना तो नेहरू–इंदिरा की करते हैं मगर जानते हैं कि उनका फील्ड बहुत बड़ा था। इतिहास में वे उनके मुकाबले कहीं नहीं टिक पाएंगे। इसलिए वे हिन्दुत्ववादी नेताओं में सबसे बड़े बनना चाहते हैं और इसके लिए देश के एकमात्र मुस्लिम बहुल प्रदेश में अपना मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। आडवानी संघ सबको बताना कि देखो मैंने किया!अब यह हो पाएगा या नहीं यह अलग मुद्दा है। मगर आतंकवाद के 35 साल के दौर में मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो वहां भारत की भाषा न बोलकर अपनी पार्टी की भाषा बोल रहे हैं। आतंकवाद के दौर में पहला चुनाव 1996 में हुआ था। प्रधानमंत्री थे नरसिम्हा राव। जम्मू –कश्मीर के चुनाव के बाद उन्हें अपने लोकसभा के चुनाव करवाना थे। कश्मीर में कांग्रेस का मुख्यमंत्री बनवाने का फायदा उन्हें लोकसभा चुनाव में मिल सकता था। मगर नरसिम्हा राव ने एक बार भी वहां कांग्रेस का मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश नहीं की। फारूख अब्दुल्ला को बनवाया। सबकी सहमति थी कि कश्मीर में हालत सही करने के लिए और पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए फारूख से उपयुक्त और कोई नहीं होगा। भाजपा की भी थी। जिसके नेता उस समय वाजपेयी, आडवानी और मुरली मनोहर जोशी थे। यहां थोड़ा सा यह और बता दें कि आतंकवाद के दौर में या उससे पहले फ्री और फेयर इलेक्शन कम होता था। दिल्ली तय करती थी और कमोबेश वैसे ही नतीजे आते थे। 1951 में जब वहां कान्स्टिट्यूशनल असेम्बली का चुनाव था तो सभी 75 सीटों पर निर्विरोध चुनाव हो रहा था। शेख अब्दुल्ला सबसे बड़े नेता थे। जब उनसे कहा गया कि चुनाव होना चाहिए। तो उन्होंने कहा कि क्या मैं पापुलर नहीं हूं? दरअसल शेख अब्दुल्ला इसके जरिए पाकिस्तान और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को जवाब देना चाहते थे कि देखो जम्मू–कश्मीर ने एक मत से भारत के समर्थन का फैसला किया है। मगर संयुक्त राष्ट्र शेख अब्दुल्ला की यह योजना समझ गया था और उसने कहा कि वह इस चुनाव को जनमत संग्रह का विकल्प नहीं मानेगा। जब शेख साहब को यह मालूम पड़ा तो फिर उन्होंने कुछ सीटों पर चुनाव करवाया। हालांकि रिजल्ट पूरा नेशनल कान्फ्रेंस के पक्ष में आया। और यह जम्मू–कश्मीर में चुनावों की परंपरा बन गई। कहा जाता था कि अगर शेख साहब बिजली के खंबे को भी मेन्डेट दे दें तो वह भी जीत जाएगा। जम्मू–कश्मीर में पहला फ्री एंड फेयर चुनाव 1977 में हुआ था। मोरारजी देसाई ने करवाया था। हालांकि उन्हीं के सरकार के वरिष्ठ मंत्री जिनमें गृह मंत्री चरण सिंह और सबसे सीनियर मंत्री जगजीवन राम शामिल थे इस पक्ष में नहीं थे।उन्होंने कहा कि जैसे होते आए हैं वैसे होने दीजिए। मगर मोरार जी ने किसी की नहीं सुनी। मुख्य चुनाव आयुक्त भी कश्मीरी थे। बीएल शकधर ने उन्हें बुलाकर कहा कि एकदम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए। और वैसा ही हुआ। करीब 50 साल हो गए। जम्मू–कश्मीर के लोग आज भी याद करते हैं। तो जम्मू–कश्मीर के मामले में हर प्रधानमंत्री का रोल ऐसा ही होता था। देश हित सबसे पहले। जनता पार्टी के लोग उस चुनाव में 1977 के बड़ी तादाद में चुनाव लड़े थे। मगर केन्द्र सरकार और राज्य प्रशासन की उन्हें कोई मदद नहीं मिली। नतीजा शेख अब्दुल्ला ने 76 में से 47 सीटें जीतकर सरकार बनाई। जनता पार्टी 13 सीटों पर जीती। कांग्रेस से ज्यादा। कांग्रेस को केवल 11 मिलीं। और जमाते इस्लामी को केवल एक। जबकि पिछले विधानसभा में उसके पास पांच सीटें थीं। कश्मीर में पाकिस्तान को सबसे पहला मौका कब मिला? 1987 के चुनाव में। यह चुनाव राजीव–फारूख समझौते के बाद हुआ था। दो सबसे बड़ी पार्टियां नेशनल कान्फ्रें स और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़े थे। मुकाबले में कई पार्टियों का एक महासंघ मुस्लिम युनाइटेड फ्रंट ( मफ) बना। इस दौरान कई अलगाववादी नेता भी मुख्यधारा में आए थे। बाद में सबसे बड़े अलगाववादी और पाक समर्थक नेता बने सैयद अली शाह गिलानी ने वह चुनाव लड़ा था। और सोपोर से जीते थे। उनकी पार्टी जमाते इस्लामी के अलावा प्रो. अब्दुल गनी लोन जिनकी 2002 में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी, की पार्टी पीपुल्स कॉन्फ्रेंस ने भी चुनावों में हिस्सा लिया था। मगर इस चुनाव के बारे में सबसे बड़ा आरोप है कि उसका रिजल्ट मतदान केन्द्रों में बदल दिया गया। फोन तो होते नहीं थे। लोग मतगणना अधिकारी से पूछकर बाहर जाकर अपने जीतने की घोषणा करते थे फिर वापस जब मतगणना केन्द्र में अन्दर आते थे तो उनके प्रतिद्वंद्वी को जीत का सर्टिफिकेट दिया जा चुका होता था। जनता ने इस रिजल्ट को स्वीकार किया ही नहीं। आतंकवाद की शुरूआत यहीं से मानी जाती है। 1987 के बाद अगला चुनाव सीधे 1996 में हुआ। जो एक बहुत मुश्किल दौर था। कश्मीर के अन्दरूनी हालत को लेकर भी और अन्तरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की वजह से भी। यूएन में पाकिस्तान लगातार सवाल उठा रहा था। अमेरिका–चीन जैसे देश उसे हवा दे रहे थे। ऐसे में कश्मीर में चुनी हुई सरकार ही सबसे सटीक जवाब था। और वही 1996 में चुनाव करवा कर दिया गया। इसके बाद का चुनाव 2002 का भी वहां ऐतिहासिक रहा। दूसरा फ्री एंड फेयर इलेक्शन माना जाता है। मोदी जी ध्यान करें। वह भाजपा के पहले प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने करवाया था। उन्होंने भी कहा कि यह चुनाव किसी पार्टी की जीत–हार का नहीं है। कश्मीर में लोकतंत्र मजबूत करने का है। और नतीजा क्या रहा? उनकी पार्टी भाजपा की सहयोगी पार्टी नेशनल कांफ्रेंस को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा का एनसी से गठबंधन था। केन्द्र की उनकी सरकार में उमर अब्दुल्ला मंत्री थे। मुफ्ती मोहम्मद सईद और कांग्रेस ने मिलकर सरकार बनाई। और केन्द्र से वाजपेयी का पूरा समर्थन रहा। पिछले चार दशकों की सबसे अच्छी सरकार। 2002 से 2005 की। मुफ्ती साहब की। कश्मीर में विश्वास की वापसी। मगर 2005 में गुलाम नबी आजाद ने मुख्यमंत्री बनकर सब किए धरे पर पानी फेर दिया। 2005 से 2008 तक असफल सरकार। तो जम्मू–कश्मीर का चुनाव इतिहास बहुत उतार–चढ़ाव वाला रहा है। अब एक अक्टूबर मंगलवार को तीसरे फेज का मतदान भी हो जाएगा। नतीजा 8 अक्टूबर को आएगा। क्या होगा? इस पर अब कयासबाजी की जरूरत नहीं। मगर इतना पूरा इतिहास लिखने की जरूरत इसलिए थी कि बताया जा सके कि जम्मू–कश्मीर का चुनाव दूसरे चुनावों से अलग होता है। अन्तरराष्ट्रीय मीडिया के अलावा अमेरिका सहित कई देशों के डिप्लोमेट्स आते हैं। इसी से हम पाकिस्तान के इस प्रचार का जवाब देते हैं कि देख लो यहां कोई आयरन कर्टेन ( लोहे का परदा ) नहीं है। और कश्मीर हमारे लिए पार्टी पोलटिक्स की चीज नहीं है बल्कि वहां की अवाम की इच्छाओं–आकांक्षाओं को मूर्त रूप देने की लोकतांत्रिक कोशिश है। पहले तो हर प्रधानमंत्री ने यही किया। अब देखते हैं मोदी जी दावा तो वहां बड़ा कर आए हैं। अब क्या करते हैं!

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# म्यांमार सैन्य शासन का सशस्त्र विद्रोहियों को राजनीतिक वार्ता के लिए आमंत्रण

**अरुण कुमार श्रीवास्तव**

तेजी से बदलते घटनाक्रम में म्यांमार के सत्तारूढ़ सैन्य शासक वर्ग(जुंटा) ने सशस्त्र विद्रोही समूहों को लड़ाई बंद करने और राजनीतिक वार्ता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। जुंटा ने एक बयान में कहा, हम जातीय सशस्त्र समूहों, आतंकवादी विद्रोही समूहों और आतंकवादी पीडीएफ समूहों को आमंत्रित करते हैं जो राज्य के खिलाफ लड़ रहे हैं और आह्वान करते हैं कि वे आतंकवादी लड़ाई छोड़ दें और राजनीतिक समस्याओं को राजनीतिक रूप से हल करने के लिए हमारे साथ संवाद करें। यह उन समाचार रिपोर्टों के बाद आया है जिनमें कहा गया है कि भारत के सरकारी वित्त पोषित थिंक टैंक, इंडिया काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) ने एनयूजी, काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी (केआईए), अराकान आर्मी और चिन नेशनल फ्रंट के प्रतिनिधियों को सेमिनार में आमंत्रित किया है। इस बीच, चीन, जो लंबे समय से म्यांमार के जातीय सशस्त्र समूहों को प्रभावित करता रहा है, म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी (एमएनडीएए) पर दबाव डाल रहा है कि वह अन्य विपक्षी ताकतों के साथ गठबंधन न करे, जिन्हें चीन पश्चिमी देशों द्वारा समर्थित मानता है, विशेषज्ञों का कहना है। एमएनडीएएथ्री ब्रदरहुड अलायंस का हिस्सा है जिसमें तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) और अराकान आर्मी (एए) शामिल हैं। एमएनडीएए, जिसे कोकांग जातीय सशस्त्र समूह के रूप में भी जाना जाता है, जिसके सदस्य कोकांग के मूल निवासी मंदारिन–भाषी हान चीनी हैं, ने सोशल मीडिया पर चीन के साथ अपने गठबंधन की पुष्टि करते हुए एक बयान फिर से पोस्ट किया। 4 सितंबर को संक्षिप्त रूप से पोस्ट किये गये और 19 सितंबर को फिर से पोस्ट किये गये उसके बयान में कहा गया, श्हमारी राजनीतिक लाल रेखा चीन के खिलाफ लोगों के साथ गठबंधन बनाने या साथ काम करने की नहीं है। म्यांमार में रणनीतिक रूप से स्थित जातीय सशस्त्र समूह एमएनडीएएपर बीजिंग का दबाव देश के राजनीतिक परिदृश्य पर नियंत्रण बनाये रखने की उसकी इच्छा को दर्शाता है। चीन के साथ म्यांमार की पूर्वोत्तर सीमा पर स्थित एमएनडीएएपर विपक्षी ताकतों से संबंध खत्म करने का दबाव बनाया जा रहा है, जिन्हें बीजिंग अमेरिका का समर्थन प्राप्त मानता है। कभी आर्थिक सहयोग का प्रतीक रही चीन और म्यांमार के बीच की सीमा म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध और महामारी के प्रति चीन की प्रतिक्रिया के कारण और अधिक प्रतिबंधात्मक हो गयी है। कभी छिद्रपूर्ण रही सीमा को अब बाड़ और निगरानी से मजबूत किया गया है, जो बिगड़ते संबंधों को दर्शाता है। जबकि चीन ने म्यांमार में व्यापार गलियारे के लिए भारी निवेश किया है, वर्तमान संघर्ष ने इन योजनाओं को बाधित कर दिया है। बीजिंग ने संघर्ष में मध्यस्थता करने का प्रयास किया है, लेकिन उसे चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। गृहयुद्ध ने सीमा पर कभी संपन्न रहे आर्थिक क्षेत्रों को भी प्रभावित किया है। तनाव के बावजूद कुछ स्थानीय लोग सीमा पार अनौपचारिक संबंध बनाये रखना जारी रखते हैं। हाल ही में रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने म्यांमार के विद्रोहियों को मध्य नवम्बर में प्रस्तावित सेमिनार में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है जो सैन्य सरकार और समानांतर राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) के प्रतिनिधियों से संघर्षरत हैं। यह पहली बार है जब भारत औपचारिक रूप से म्यांमार के विद्रोहियों से जुड़ेगा, जिन्हें लोकप्रिय रूप से श्प्रतिरोधश कहा जाता है। फरवरी 2021 के तख्तापलट के बाद से म्यांमार में स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गयी है, तथा विद्रोहियों ने सीमावर्ती राज्यों सहित 60प्रतिशत से अधिक क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया है। हाल के महीनों में, विद्रोहियों और सेना के बीच भीषण लड़ाई का भारत के सीमावर्ती राज्यों पर भी असर पड़ा है, जहां शरणार्थियों की बाढ़ आ गयी है, जिनमें से कई हथियार और गोला–बारूद के साथ आते हैं। भारत को डर है कि इससे म्यांमार के साथ उसकी 1650 किलोमीटर लंबी सीमा और दोनों देशों से जुड़ी कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में अस्थिरता आ सकती है। इसे देखते हुए, सरकार द्वारा वित्तपोषित थिंक टैंक, इंडिया काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) ने कथित तौर पर एनयूजी, काचिनइंडिपेंडेंस आर्मी (केआईए), अराकान आर्मी और चिन नेशनल फ्रंट के प्रतिनिधियों को सेमिनार में आमंत्रित किया है। हालांकि, चिन नेशनल फ्रंट को छोड़कर, म्यांमार की सेना सहित आमंत्रित लोगों में से किसी ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। यहां तक कि भारत सरकार और आईसीडब्ल्यूए ने भी कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। जातीय विद्रोही समूहों में से एक, चिन नेशनल फ्रंट के उपाध्यक्ष सुई खार ने कहा, हम प्रतिनिधि भेजने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह पहली बार होगा जब भारत औपचारिक रूप से गैर–सरकारीकार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करेगा। यह एक अच्छा, सकारात्मक दृष्टिकोण है।भारत ने आधिकारिक यात्राओं के माध्यम से म्यांमार के शासकों के साथ संबंध बनाये रखा है और तख्तापलट से पहले औपचारिक रूप से किये गये कुछ हथियारों के सौदों को जारी रखा है। इसने दक्षिण–पूर्व एशियाई राष्ट्र में बढ़ते संघर्ष और उसके परिणामस्वरूप मानवीय संकट के बारे में चिंता व्यक्त करने से परहेज किया है। हालांकि, इस साल जून में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने म्यांमार में भारत की परियोजनाओं के लिए सीमा अस्थिरता और सुरक्षा जोखिमों के बारे में चिंता व्यक्त की। भारत पश्चिमी म्यांमार में +400 मिलियन की कलादान बंदरगाह और राजमार्ग परियोजना को सक्रिय रूप से विकसित कर रहा है। साथ ही एक अलग सड़क परियोजना में लगभग +250 मिलियन का निवेश भी कर रहा है जो म्यांमार के माध्यम से थाईलैंड के साथ अपने भू–आबद्ध पूर्वोत्तर राज्यों को जोड़ेगी। विद्रोहियों को बातचीत के लिए लाने की भारत की पहल दक्षिण–पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) द्वारा इसी तरह की पहल के बीच आई है, जिसे म्यांमार ने कभी गंभीरता से नहीं लिया।

# गांधी जयंती पर पाँच बंदियों को किया गया रिहा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा।गांधी जयंती के अवसर पर सेंट्रल जेल रीवा से पाँच बंदी रिहा किए गए। इस संबंध में जेल अधीक्षक एसके उपाध्याय ने बताया कि अच्छे आचरण के कारण राज्य सरकार की सजा में माफी योजना का लाभ पाकर आजीवन कारावास की सजा काट रहे पाँच बंदियों को आज रिहा किया गया है। इन बंदियों को श्रीफल, रिहाई प्रमाण पत्र तथा उनके द्वारा जेल में किए गए श्रम की पारिश्रमिक राशि की बैंक पास बुक प्रदान की गई। इन बंदियों को स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण भी दिया गया है। रिहा होने के बाद सभी बंदी अपने परिजनों के साथ सामान्य जीवन बिताने के लिए जेल से रवाना हुए।

# रीवा में 15 एकड़ में बनेगा संस्कृत विश्वविद्यालय का भव्य परिसर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग मंदिर में आयोजित बैठक में संस्कृत विश्वविद्यालय के रीवा परिसर की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय अब आकार ले रहा है। इसमें 80 विद्यार्थियों का प्रवेश हो चुका है। कक्षाएं संचालित करने के लिए दो दिवस में पाँच कक्ष तैयार कर दें। विद्यार्थियों के रहने और भोजन की भी समुचित व्यवस्था



हो गई है। जब तक स्थाई रूप से प्राध्यापकों की नियुक्ति नहीं हो जाती है तब तक शहर के 20 संस्कृत विद्वानों ने विद्यार्थियों को संस्कृत ज्ञान देने का संकल्प लिया है। लक्ष्मणबाग मंदिर परिसर के समीप नदी के उस पार स्थित 32 एकड़ भूमि में से 15 एकड़ भूमि में संस्कृत विश्वविद्यालय का भव्य परिसर बनाया जाएगा। यह परिसर रीवा के संस्कृत ज्ञान की परंपरा को पुन- स्थापित करेगा। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि कक्षाएं संचालित करने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। विद्यार्थियों के आवास तथा भोजन की व्यवस्था के लिए परिसर प्रभारी एवं भोजन बनाने वालों की नियुक्ति कर दी गई है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर डॉ अनुराग तिवारी ने विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, परिसर प्रभारी तुलसीदास परौहा, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह तथा संस्कृत विद्वान शामिल हुए।

# उप मुख्यमंत्री सिविल लाइन अटल पार्क का आज करेंगे लोकार्पण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल सिविल लाइन रीवा में 3 अक्टूबर को नवनिर्मित अटल पार्क का लोकार्पण करेंगे। इसका निर्माण मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड द्वारा पुनर्घनत्वीकरण के तहत कराया गया है। समारोह की अध्यक्षता सांसद श्री जनार्दन मिश्र करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक गु? श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति तथा विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी शामिल होंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रीवा संभाग के कमिश्नर श्री बीएस जामोद, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा पार्षद वार्ड क्रमांक 7 श्रीमती अर्चना शिवदत्त पाण्डेय भी शामिल होंगी। समारोह शाम 6 बजे आरंभ होगा। लोकार्पण समारोह में सुप्रसिद्ध गायक श्री कैलाश खेर एवं उनके साथी कलाकार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

# उप मुख्यमंत्री ने जन औषधि केन्द्र जाकर स्वयं ली दवाएं



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में संचालित जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने जन औषधि केन्द्र से स्वयं दवा लेकर खाई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जन औषधि केन्द्र में अन्य दुकानों की तुलना में काफी कम दामों में अच्छी गुणवत्ता की दवायें दी जा रही हैं। दुकान के संचालक ने बताया कि जन औषधि केन्द्र में अन्य दुकानों की तुलना में 60 से 80 प्रतिशत तक कम दाम में दवायें दी जा रही हैं। आसपास की बस्ती के बड़ी संख्या में मरीज इससे दवा लेने आ रहे हैं। शहर में चार स्थानों पर जन औषधि केन्द्र संचालित हैं। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ एमएल गुप्ता उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने शिव मंदिर तथा नवीन ओपीडी भवन निर्माण का किया निरीक्षण



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने शहर में भ्रमण के दौरान कोठी कंपाउंड में शिव मंदिर के विस्तार कार्य का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा शहर के हृदय स्थल में स्थित मनकामेश्वर शिव मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यह श्रद्धालुओं के साथ-साथ पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। इसका निर्माण कार्य जिस तेजी से शुरू किया गया है उसी तेजी से इसे पूरा कराएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उप मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों के संबंध में मौके पर उपस्थित इंजीनियर तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन नवीन ओपीडी भवन का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शेष निर्माण कार्य 15 दिवस में पूरा कराएं। नया ओपीडी भवन जिले के रोगियों के लिए बड़ी सौगात साबित होगा। इसके लिए पलंग, चिकित्सा उपकरण तथा अन्य सामग्री क्रय कर ली गई हैं। निर्माण कार्य पूरा होते ही यह आमजनता के उपयोग के लिए उपलब्ध हो जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ एमएल गुप्ता तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं व्यापारी मण्डल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गुड़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित दुर्गा पंडालों में डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

## जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन न करने वाले कमेटियों पर की जाएगी वैधानिक कार्यवाही--शैल यादव





आगामी दुर्गा पूजा की लेकर बुधवार को गुड़ थाना में थाना प्रभारी शैल यादव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में गुड़ नगर सहित आसपास गांवो के नवदुर्गा कमेटी के सदस्य डीजे संचालक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए।इस दौरान बैठक में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी शैल यादव ने हर पर्व की तरफ दुर्गा पूजा का भी पर्व आपसी प्रेम,भाईचारे व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की।इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा कमेटी के सदस्य जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें एवं सोशल मीडिया एवं असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।वही पूजा पंडालों में डीजे पर प्रतिबंध है।विधि व्यवस्था के मद्देनजर सभी चिन्हित स्थलों पर पुलिस प्रशासन की तैनाती मुस्तैदी के साथ रहेगी और बैठक में आयोजकों और डीजे संचालकों से घोषणा पत्र तथा वालंटियर की सूची प्राप्त की गई बैठक में नंदलाल पांडे अनिल त्रिपाठी टीपू खान विकास तिवारी विकर्स उपाध्याय सत्यम त्रिपाठी दुर्गेश गुप्ता अजय गुप्ता शिवेश चतुर्वेदी दिवाकर तिवारी सहित क्षेत्र के कई लोग उपस्थित रहे।

# आईमाताजी धर्म रथ का ग्रामीणों ने किया बधावा

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**




पाली- सोजत तहसील के निकटवर्ती गांव सेवाज में आईमाताजी के धर्म रथ भैल का आगमन हुआ। इस अवसर पर स्व. केसाराम पुत्र स्व. भलाराम गहलोत बेरा बाड़ी गांव सेवाज में माली समाज द्वारा माताजी का भव्य स्वागत और बधावा किया गया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए भैल को तीलक कर माल्यार्पण भव्य बधावा किया। इस कार्यक्रम में कोटवाल किशन जमोडिया,जमादार सुखाराम गहलोत एवं भैल के साथ आए जति बाबा पुना महाराज,खेता महाराज,राजेंद्र पंवार, शंकर हाम्बड़, बाबूलाल परिहार, जेठाराम सोलंकी का ग्रामीणों ने स्वागत किया। शाम को आईमाताजी की जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत की बैठक हुई संपन्न

**पुष्पांजली टुडे**



ग्वालियर। श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत की बैठक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह भदोरिया के निर्देश पर संभाग अध्यक्ष रामअवतार सिंह राजावत के निज निवास पर आयोजित हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राजावत की अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रम पर विचार विमर्श किया गया एवं नए सदस्यों का स्वागत किया गया इस अवसर पर रानू तोमर को युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आलोक चौहान को युवा मोर्चा जिला मंत्री,मोनू चौहान को युवा मोर्चा सचिव एवं कोंशलेद्र सिंह भदोरिया को संभाग संयोजक,रमेश सिंह तोमर को संभाग महासचिव बनाया गया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजावत,प्रताप सिंह राजावत,उम्मेद सिंह तोमर, सतेंद्र सिंह राजावत,नरेश सिकरवार, गिर्राज सिंह सिकरवार,आनंद भदौरिया, चंद्रशेखर तोमर, राहुल राजावत,सतेंद्र सिकरवार,ध्रुव राजावत,अकास सिंह भदोरिया,अनिल सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

# अक्टूबर को जिला स्तर पर नशामुक्ति जनजागरूकता रैली का आयोजन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में 02 अक्टूबर को जिला स्तर पर नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी ने जनजागरूकता रैली को गायत्री मंदिर परिसर से प्रातः 09 बजे झण्डी दिखाकर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके पश्चात पुनः रैली बस स्टेण्ड, बिस्टान रोड़ तिराहे से होकर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन पहुंची। महाविद्यालय के सभा हॉल में नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

# 05 अक्टूबर को पीएम किसान उत्सव दिवस

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

किसानों के खाते में जमा होगी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशिप्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त का वितरण 05 अक्टूबर को किया जाएगा। 05 अक्टूबर को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र के वासिम जिले के वायगुल से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के हितग्राही किसानों के खाते में राशि का अंतरण करेंगे। इस कार्यक्रम का जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि के साथ स्थानीय किसान भी शामिल होंगे। हितग्राहियों को किस्त प्राप्त करने के लिए ई-केवायसी (पीएम किसान एप्प, पीएम किसान पोर्टल एवं सीएससी), आधार एव बैंक खाता लिंकिंग करने की सलाह दी गई है।

# नगर निगम के सबसे साफ-सुथरे वार्ड को मिलेगा 15 लाख रूपये का पुरस्कार






**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। जिले भर में 17 सितंबर से चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान का आज समापन किया गया। नगर निगम के टाउन हाल में आयोजित समापन समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्व. लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता आन्दोलन को देश की आजादी की लड़ाई का हथियार बनाया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता की अलख पूरे देश में जगाई। समग्र स्वच्छता अभियान से देश में साफ-सफाई बड़ने, स्वास्थ्य में सुधार, रोगों पर नियंत्रण के साथ-साथ हमारी मानसिकता में भी सुधार हुआ है। स्वच्छता के लिए देश में 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाये गये हैं। प्रधानमंत्री जी ने शहरों और प्रदेशों के बीच स्वच्छता के लिए प्रतिस्पर्धा करा दी है। इसमें हमारे प्रदेश का इंदौर नगर लगातार 7वीं बार चैम्पियन बना है। प्रधानमंत्री जी के प्रयासों से स्वच्छता केवल आदत ही नहीं संस्कार और संस्कृति बन गया है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम रीवा स्वच्छता के लिए अच्छे प्रयास कर रहा है। रीवा को सुंदर और विकसित बनाने के लिए सड़कें, फ्लाईओवर तथा अन्य बड़े निर्माण कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इनके साथ-साथ स्वच्छता का रहना भी आवश्यक है। शहर को हरा-भरा और साफ-सुथरा रखना हर शहरवासी की जिम्मेदारी है। आयुक्त नगर निगम ने स्वच्छता के लिए स्कूलों के मध्य प्रतिस्पर्धा कराकर सराहनीय पहल की है। नगर के सभी पार्षदगण अपने-अपने वार्डों को साफ-सुथरा रखने के लिए जन सहयोग से प्रयास करें। स्वच्छता में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले वार्ड को विधायक निधि से प्रथम पुरस्कार के रूप में 15 लाख रुपए दिए जाएंगे। द्वितीय पुरस्कार के रूप में 7 लाख रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 5 लाख रुपए का दिया जाएगा। हर व्यक्ति मिलकर रीवा को विकसित और व्यवस्थित बनाएं।

समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि स्वच्छता शहर और जिले को सुंदर बनाने के साथ-साथ स्वस्थ भी बनाती है। एक अध्ययन में बताया गया है कि स्वच्छता अभियान के बाद गंदगी के कारण होने वाले रोगों पर नियंत्रण हुआ है जिससे हर परिवार की एक साल में लगभग 50 हजार रुपए की बचत हो रही है। यह राशि पहले रोगों के उपचार में खर्च हो जाती थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता की लड़ाई लड़ी। आजादी के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोगों को जागरूक और प्रेरित करके स्वच्छता अभियान से जोड़ा।समारोह में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया गया। इस अवधि में प्रतिदिन स्वच्छता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए। रीवा शहर के 45 स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूलों के बीच में स्वच्छता की प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। सफाई कर्मियों की स्वास्थ्य जाँच के लिए निःशुल्क शिविर लगाए गए। सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा आमजनों ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। नगर निगम में शीघ्र ही आधुनिक स्वीपिंग मशीन मंगाई जा रही है। स्वच्छता अभियान की निगरानी के लिए नगर निगम मे कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। स्वच्छता संबंधी शिकायतें दर्ज करने के लिए मोबाइल एप शीघ्र ही शुरू किया जा रहा है। समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता सेवा अभियान के उद्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। समारोह में उप मुख्यमंत्री तथा सांसद ने कन्यापूजन करके बेटियों का सम्मान किया। समारोह में स्वच्छता ही सेवा अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले सफाई मित्रों अमिता साकेत, श्यामकुमारी समुद्रे तथा रामावतार विश्वकर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में अभियान के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में सबसे स्वच्छ विद्यालय का प्रथम पुरस्कार केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक, द्वितीय पुरस्कार केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक दो तथा तृतीय पुरस्कार सैनिक स्कूल को प्राप्त हुआ। निजी स्कुलों में प्रथम स्थान सेंट्रल एकेडमी स्कूल, दूसरा स्थान ज्योति सीनियर सेकण्डरी स्कूल तथा तीसरा स्थान गुरूकुल विद्यालय को प्राप्त हुआ। अनुपयोगी सामग्री से आकर्षक वस्तुएं एवं कलाकृति बनाने में सैनिक स्कूल विजेता रहा। वाद-विवाद प्रतियोगिता में बिलाबांग स्कूल, चित्रकला प्रतियोगिता में बाल भारती स्कूल, निबंध लेखन प्रतियोगिता में सेक्रेट हार्ट स्कूल तथा वाटर हार्वेस्टिंग में ज्योति स्कूल को विजेता घोषित किया गया। समारोह में नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पार्षदगण, स्कूलों के विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



(फोटोः एएनआई)

## प्रियंका ने अपने बचपन की फोटो शेयर की

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर अपने बचपन की फोटो शेयर की है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट किया जिसमें उन्होंने अपने ट्रांसफॉर्मेशन की झलक दी है। पोस्ट में प्रियंका चोपड़ा ने अपने बचपन की एक फोटो के साथ-साथ अपने टीनेज की तस्वीर भी पोस्ट की है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी पोस्ट के केप्शन में लिखा, चेतावनीः मेरी 9 साल की उम्र वाले बच्चे को ट्रोल मत करना।यह सोचकर पागल हो जाती हूं कि उम्र का बढ़ना एक लड़की को कितना बदल सकता है। बाईं तरफ में हूं बॉय कट हेयर स्टाइल के अपने अजीब टीन से पहले वाले वक्त में साथ में, ताकि यह स्कूल में भारीपन ना महसूस कराए। मैं कटोरी कट से लेकर यहां तक आई हूं, तो यह साफतौर पर जीत है।दाईं तरफ यह 17 साल की मैं हूं, जब साल 2000 में मिस इंडिया जीता और अपने बालों, मेकअप और आउटफिट के साथ जीत सेलिब्रेट कर रही हूं। ये दोनों ही तस्वीरें 10 साल से कम के फर्क में ली गई हैं। जैसा की ब्रिटनी स्पीयर्स ने बहुत सलीके से इस बात को कहा है, मैं लड़की नहीं हूं, और ना ही अभी एक औरत हूं। तब मुझे बिलकुल ऐसा ही महसूस होता था, जब मैं मनोरंजन की विशाल दुनिया में कदम रख रही थी।

## वेबसीरीज डायनेस्टी में काम करेंगी रवीना टंडन



(फोटोः एएनआई)

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन वेबसीरीज डायनेस्टी में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि रवीना टंडन वेब सीरीज डायनेस्टी में काम करने जा रही है। रवीना टंडन इस शो में मुख्य भूमिका निभाएंगी, जबकि दिग्गज गायक-अभिनेता तलत अज़ीज़ भी एक अहम किरदार निभाएंगे। कहा जा रहा है कि वेबसीरीज डायनेस्टी का निर्देशन साहिल संघा कर रहे हैं। रवीना टंडन इस वेबसीरीज की स्टार कास्ट के साथ अक्टूबर के दूसरे भाग में शूटिंग शुरू करेंगी। इस वेबसीरीज का बड़ा हिस्सा दिल्ली में शूट किए जाने की संभावना है।

## भूमि पेडनेकर ने 'दलदल' की शूटिंग पूरी की




(फोटोः एएनआई)

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी आने वाली वेब सीरीज 'दलदल' की शूटिंग पूरी कर ली है। अमृत राज सिंह निर्देशित वेब सीरीज दलदल में भूमि पेडनेकर एक पुलिस अधिकारी रीता की भूमिका में नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर भावुक नोट लिखा। उन्होंने लिखा, 'बेशक, मेरे सबसे मुश्किल पात्रों में से एक है यह, मैं नर्वस हूं। मुझे शो में ऐसे शानदार कलाकारों और रचनाकारों के साथ काम करने का अवसर मिला। हमने मुंबई के मानसून का सामना किया, सबसे कठिन परिस्थितियों में शूटिंग की और फिर भी हमारा उत्साह कभी कम नहीं हुआ। हम सभी को बधाई। भूमि पेडनेकर ने बताया कि दलदल एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो एक महिला होने के सभी गुणों को दर्शाता है। रीता एक सुपर अचीवर है, एक पुरुष की दुनिया में नियमों को फिर से लिखने वाली है।



(फोटोः एएनआई)

## 'बंदा सिंह चौधरी' में नजर आएंगे अरशद वारसी

अभिनेता अरशद वारसी अपनी अपकमिंग फिल्मआ 'बंदा सिंह चौधरी' की रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसमें उनका किरदार साहस और आत्मबल की भावना पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर मुंबई के जुहू इलाके में एक मल्टीप्लेक्स में लॉन्च किया गया। यह फिल्मि 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद की कहानी पर बुनी गई है। फिल्मक में भारत में साम्प्रदायिक सौहार्द को खतरा पहुंचाने वाली एक लड़ाई दिखाई गई है।

फिल्म.में दिखाया गया है कि पंजाब बढ़ते सांप्रदायिक तनाव का केंद्र बन गया है, जिसमें हिंदू और सिख समुदाय आपस में कैसे भिड़ जाते हैं। फिल्म अराजकता के बीच एकता की तलाश कर रहे समुदायों की कहानी दिखाती है। फिल्म में एक हारी हुई लड़ाई लड़ रहे अरशद वारसी ने बताया, यह फिल्म उन लोगों की भावनाओं को गहराई से दर्शाती है जो हिंसा और भय के तूफान में फंस गए थे।

मेरा किरदार एक ऐसे व्यक्ति का है जो दोहराता है कि सबसे बुरे समय में भी, किसी आदमी के भीतर सबसे ऊपर उठने का साहस होता है। फिल्मो में भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री मेहर विज ने कहा कि जब सब कुछ बिखर जाता है तब यह कहानी उम्मीद और प्यार पाने के बारे में है। यह उस समय मजबूती से खड़े रहने के बारे में है जब दुनिया आपके इर्द-गिर्द बिखर जाती है।

फिल्म अपने किरदारों के माध्येम से समुदाय और देश के बीच तनाव को दिखाती है। जिसमें एकता की लड़ाई में दिल और संकल्प दोनों की मजबूती का परीक्षण होता है। अरबाज खान प्रोडक्शन सीमलेस प्रोडक्शंस एलएलपी और अक्स मूवीज एंड एंटरटेनमेंट 'बंदा सिंह चौधरी' लेकर आ रहे हैं। फिल्म का निर्माण अरबाज खान और मनीष मिश्रा ने किया है।

## 'ग्रेजुएट फरज़ाना' ने फिल्म फेस्टिवल्स में जीता खिताब

ग्राफिक्स एड द्वारा प्रोड्यूस्ड फिल्म ₹ग्रेजुएट फरज़ाना₹ ने देश और दुनिया के कई प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में अपनी खास जगह बनाई है। देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' में जीतने के बाद अब प्रतिष्ठित ₹दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल₹ में भी ऑफिशियल एंट्री मिली है। प्रधानमंत्री के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे क्रांतिकारी विज़न से प्रेरित यह फिल्म उन हजारों युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगी, जो नए भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं।

फिल्म के निर्मांता है एडवरटाइजिंग गुरु मुकेश गुप्ता और आलोक गुप्ता ने जबकि जबकि हरीश शर्मा फिल्म के एग्जिक्टिव प्रोड्यूसर हैं। फिल्म का लेखन संपादन और डायरेक्शन इरशाद





दिल्लीवाला ने किया है। फिल्म को देश और विदेश के सभी नामी फिल्म फेस्टिवल में भेजा गया है जहां यह दर्शकों का दिल जीत रही है।यह कहानी न केवल लड़कियों की शिक्षा और सशक्तिकरण की बात करती है, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदमों को भी दर्शाती है, जो हमारे समाज के विकास की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है।

हमारे लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है कि हमारी फिल्म दुनियां भर में भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व कर रही है।फिल्म में फरजाना की भुमिका रंगमंच अभिनेत्री कशिश सिंह ने निभाई है जबकि जय भाटिया, राकेश शर्मा संगीता सुयाल, डा अशोक शर्मा अन्य भुमिकाओं में है। फिल्मांकन कुमार आदित्य व अभिषेक शर्मा ने किया है जबकि संगीत व गीत ए के किंग स्टार के है जबकि सैयय्द अहमद शाह ने प्री और पोस्ट प्रोडक्शन की जिम्मेदारी सम्भाली।

बहुरंग

## कार्तिक आर्यन ने असली चैंपियंस के साथ मनाया जश्न



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने ओलंपिक और पैरालंपिक चैंपियन के साथ जश्न मनाया है। कार्तिक आर्यन ने फिल्म चंदू चैंपियन में मुरलीकांत पेटकर के किरदार को सिल्वर स्क्रीन पर जीवंत कर दिया। हर तरफ से ढेर सारा प्यार और प्रशंसा पाने के बाद, कार्तिक ने अपने जबरदस्त परफॉर्मेंस से हमारे पैरालंपिक एथलीटों को सम्मानित किया है। कार्तिक हमेशा इन चैंपियनों की भावना का जश्न मनाते रहे हैं। इसकी झलक तब देखने मिली, जब वे हाल ही में नीता अंबानी द्वारा आयोजित एक खास कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां पहली बार 140 ओलंपियन और पैरालिंपियन एक साथ देखे गए। कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया पर एक छोटा वीडियो शेयर किया है, जिसमें पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह और प्रीति पाल को उनकी फिल्म चंदू चैंपियन का फेमस डायलॉग चंदू नहीं चैंपियन है मैं बोलते हुए जोश में देखा जा सकता है। कार्तिक ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा है,किसी को कभी कम मत समझना चंदू नहीं चैंपियन है।असली चैंपियंस के साथ। कार्तिक आर्यन, दीवाली पर रिलीज होने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आयेंगे। इसके बाद वह अनुराग बसु की म्यूजिकल लव स्टोरी में भी नजर आएंगे।

दिलचस्प

## 18 अक्टूबर को फिर रिलीज होगी फिल्म खोसला का घोसला




बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी की फ़ल्मि खोसला का घोसला 18 अक्टूबर को फिर से रिलीज होगी। बड़े पर्दे पर क्लासिक फिल्मों को फिर से रिलीज करने का चलन हाल ही में जोर पकड़ रहा है, जिससे नए दर्शकों और पुराने प्रशंसकों दोनों को ही इन पसंदीदा फिल्मों को सिनेमाघरों में देखने का मौका मिल रहा है। 2024 में, हम आपके हैं कौन! लैला मजनू और वीर-ज़ारा जैसी फ़िल्में सिनेमाघरों में वापस आ रही हैं, और उनके साथ बोमन ईरानी अभिनीत कल्ट क्लासिक 'खोसला का घोसला' भी शामिल है, जो 18 अक्टूबर को फिर से रिलीज होने वाली है। बॉलीवुड की सबसे यादगार पारिवारिक ड्रामा में से एक यह फिल्म सालों से दर्शकों के बीच गूंज रही है। इसके मज़ेदार संवाद और अविस्मरणीय दृश्य आज भी कॉमेडी स्केच और मीम्स को बढ़ावा देते हैं। बोमन ईरानी ने फ़ल्मि खोसला का घोसला के फिर से रिलीज होने के बारे में अपनी खुशी सोशल मीडिया पर साझा की। इंस्टाग्राम पर अपनी स्टोरी पर रील पोस्ट करते हुए बोमन ईरानी ने लिखाः वापस वहीं जहां से यह सब शुरू हुआ था! खोसला का घोसला की यात्रा का हिस्सा बनकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है! अभी टिकट बुक करें।

## मुनव्वर फारुकी का नया गाना डार्क सर्कल्स रिलीज




(फोटोः एएनआई)

जानेमाने स्टैंड-अप कॉमेडियन , रैपर और गायक मुनव्वर फारुकी का नया गाना डार्क सर्कल्स रिलीज हो गया है। जो लिगेसी, नूर, मदारी, धंधो जैसे दिल को छू लेने वाले गानों के बाद मुनव्वर फारुकी नए ट्रेक 'डार्क सर्कल्स' के साथ वापस आ गए हैं, जो पूरी तरह से अलग शैली में है। यह गाना मुनव्वर की रचनात्मकता और बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है। उन्होंने एक साल पहले यह गाना लिखा था जब वह मुश्किल दौर से गुज़र रहे थे। मुनव्वर ने कहा, मैंने यह गाना पिछले साल उस समय लिखा था जब मैं भावनाओं से जूझ रहा था, जिन्हें मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता था।

ये भावनाएँ बहुत निजी थीं, और मुझे उनका पूरी तरह से सामना करने में थोड़ा समय लगा। ज़िंदगी चलती रही, और मैं खुद के उस हिस्से को साझा करने के लिए तैयार नहीं था। लेकिन समय के साथ, मुझे एहसास हुआ कि इसे बंद रखने के बजाय इसे व्यक्त करना बेहतर है। यह गाना उन लोगों तक पहुँचने का मेरा तरीका है जो अपने संघर्षों में अनदेखा महसूस करते हैं, उन्हें याद दिलाते हुए कि वे इस यात्रा में अकेले नहीं हैं। 'डार्क सर्कल्स' मुनव्वर के यूटयूब चेनल पर उपलब्ध है। यह गाना सभी प्रमुख संगीत प्लेटफ़ॉर्म पर भी स्ट्रीम हो रहा है। मुनव्वर जल्द ही वेब सीरीज़ फ़र्स्ट कॉपी के साथ अभिनय के क्षेत्र में शुरुआत कर रहे हैं।

# गाँधीवाद जीने की कला सिखाता है



'गांधीवाद' महात्मा गांधी के आदर्शों, विश्वासों एवं दर्शन से उदभूत विचारों के संग्रह को कहा जाता है, जो स्वतंत्रता संग्राम के सबसे बड़े राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेताओं में से थे। यह ऐसे उन सभी विचारों का एक समेकित रूप है जो गांधीजी ने जीवन पर्यंत जिया था।

सत्य एवं आग्रह दोंनो ही संस्कृत भाषा के शब्द हैं, जो भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दौरान प्रचलित हुआ था, जिसका अर्थ होता है सत्य के प्रति सत्य के माध्यम से आग्रही होना।गांधीवाद के बुनियादी तत्वों में से सत्य सर्वोपरि है। वे मानते थे कि सत्य ही किसी भी राजनैतिक संस्था, सामाजिक संस्थान इत्यादि की धुरी होनी चाहिए। वे अपने किसी भी राजनैतिक निर्णय को लेने से पहले सच्चाई के सिद्धांतों का पालन अवश्य करते थे।

गांधीजी का कहना था 'मेरे पास दुनियावालों को सिखाने के लिए कुछ भी नया नहीं है। सत्य एवं अहिंसा तो दुनिया में उतने ही पुराने हैं जितने हमारे पर्वत हैं।' सत्य, अहिंसा, मानवीय स्वतंत्रता, समानता एवं न्याय पर उनकी निष्ठा को उनकी निजी जिंदगी के उदाहरणों से बखूबी समझा जा सकता है।

कहा जाता है कि सत्य की व्याख्या अक्सर वस्तुनिष्ठ नहीं होती। गांधीवाद के अनुसार सत्य के पालन को अक्षरश: नहीं बल्कि आत्मिक सत्य को मानने की सलाह दी गयी है। यदि कोई ईमानदारी- पूर्वक मानता है कि अहिंसा आवश्यक है तो उसे सत्य की रक्षा के रूप में भी इसे स्वीकार करना चाहिए। जब गांधीजी प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान स्वदेश लौटे थे तो उन्होंने कहा था कि वे शायद युद्ध में ब्रिटिशों की ओर से भाग लेने में कोई बुराई नहीं मानते। गांधीजी के अनुसार ब्रिटिश साम्राज्य का हिस्सा होते हुए भारतीयों के लिए समान अधिकार की मांग करना और साम्राज्य की सुरक्षा में अपनी भागीदारी न निभाना उचित नहीं होता। वहीं दूसरी तरफ द्वितीय विश्वयुद्ध के समय जापान द्वारा भारत की सीमा के निकट पहुंच जाने पर गांधीजी ने युद्ध में भाग लेने को उचित नहीं माना बल्कि वहां अहिंसा का सहारा लेने की वकालत की है।


अहिंसा का सामान्य अर्थ है 'हिंसा न करना'। इसका व्यापक अर्थ है – किसी भी प्राणी को तन, मन, कर्म, वचन और वाणी से कोई नुकसान न पहुँचाना। मन में भी किसी का अहित न सोचना, किसी को कटुवाणी आदि के द्वारा भी पीड़ा न देना तथा कर्म से भी किसी भी अवस्था में, किसी भी प्राणी का कोई नुकसान न करना ।

गाँधीजी के अनसार धर्म और राजनीति को अलग नही किया जा सकता है,क्योंकि धर्म मनुष्य को सदाचारी बनने के लिए प्रेरित करता है । स्वधर्म सबका अपना अपना होता है पर धर्म मनुष्य को नैतिक बनाता है । सत्य बोलना, चोरी नहीं करना, परदु:खकातरता,दूसरों की सहायता करना आदी यही सभी धर्म सिखाते हैं । इन मूल्यों को अपनाने से ही राजनीति सेवा भाव से की जा सकेगी । गाँधीजी आडम्बर को धर्म नही मानते और जोर देकर कहते हैं कि मन्दिर मे बैठे भगवान मेरे राम नही है । स्वामी विवेकानंदजी के दरिद्र नारायण की संकल्पना को अपनाते हुए मानव सेवा को ही वो सच्चा धर्म मानते हैं । वास्तव मे उनका विश्वास है कि प्रत्येक प्राणी इश्वर की सन्तान हैं और ये सत्य है; सत्य ही ईश्वर है ।

गांधीजी सामाजिक समानता के समर्थक थे,वे मानवता व सामाजिक समरसता में विश्वास करते थे। वे अंत:करण की पवित्रता को मानता थे ।साम्प्रदायिक सद्भाव व बंधुता उनके जीवन के मुख्य तत्व थे ।वास्तव में गांधीवाद का अर्थ है –वे आदर्श जो हमें जीने की कला सिखाते हैं । यह हक़ीक़त है कि गांधीवाद कालजयी है ।

अंत में यही कहूंगा कि–

*'गांधी ने फैला दिया,सचमुच में उजियार ।*
*आओ हम समझें ज़रा,गांधीपथ का सार ।।'*



## बेमिसाल थी गांधी जी की स्पष्टवादिता और सत्यनिष्ठा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जीवन पर्यन्त देशवासियों के लिए आदर्श नायक बने रहे। स्वतंत्रता आन्दोलन में उनके अविस्मरणीय योगदान से तो पूरी दुनिया परिचित है। अहिंसा की राह पर चलते हुए भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गांधी जी ने अपनी स्पष्टवादिता और अहिंसक विचारों से पूरी दुनिया को प्रभावित किया था। उन्हीं के द्वारा दिखलाए मार्ग पर चलते हुए लाखों-करोड़ों भारतीय देश को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराने के लिए स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बने थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता के अनेक किस्से प्रचलित हैं। इन्हीं में कुछ ऐसे प्रसंग भी सामने आते हैं, जब उनकी बातें सुनकर उनके सम्पर्क में आए व्यक्ति का हृदय परिवर्तन हो जाता था। दरअसल लोगों के दिलोदिमाग पर उनकी बातों का जादू सा असर होता था।

गांधी जी एक बार श्रीमती सरोजिनी नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। श्रीमती नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देख गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया। श्रीमती नायडू का ध्यान जब उस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी और कहने लगी, ''आपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौनसे हाथ में पकड़ा जाता है?'' बापू ने जवाब दिया, ''आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता। अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकती तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं?''




आजादी की लड़ाई के दिनों में गांधी जी सश्रम कारावास की सजा भुगत रहे थे। एक दिन जब उनके हिस्से का सारा काम समाप्त हो गया तो वे खाली समय में एक ओर बैठकर एक पुस्तक पढ़ने लगे। तभी जेल का एक संतरी दौड़ा-दौड़ा उनके पास आया और उनसे कहने लगा कि जेलर साहब जेल का मुआयना करने इसी ओर आ रहे हैं, इसलिए वो उनको दिखाने के लिए कुछ न कुछ काम करते रहें लेकिन गांधी जी ने ऐसा करने से साफ इन्कार कर दिया और कहा, ''इससे तो बेहतर होगा कि मुझे ऐसे स्थान पर काम करने के लिए भेजा जाए, जहां काम इतना अधिक काम हो कि उसे समय से पहले पूरा किया ही न जा सके।''

एक बार गांधी जी चम्पारण से बतिया रेलगाड़ी में सफर कर रहे थे। गाड़ी में अधिक भीड़ न होने के कारण वे तीसरे दर्जे के डिब्बे में जाकर एक बर्थ पर लेट गए। अगले स्टेशन पर जब रेलगाड़ी रूकी तो एक किसान उस डिब्बे में चढ़ा। उसने बर्थ पर लेटे हुए गांधी जी को अपशब्द बोलते हुए कहा, ''यहां से खड़े हो जाओ। बर्थ पर ऐसे पसरे पड़े हो, जैसे यह रेलगाड़ी तुम्हारे बाप की है।'' किसान को बिना कुछ कहे गांधी जी चुपचाप उठकर एक ओर बैठ गए। तभी किसान बर्थ पर आराम से बैठते हुए मस्ती में गाने लगा, ''धन-धन गांधी जी महाराज! दु:खियों का दु:ख मिटाने वाले गांधी जी ...।''

दिलचस्प बात यह थी कि वह किसान कहीं और नहीं बल्कि बतिया में गांधी जी के दर्शनों के लिए ही जा रहा था लेकिन इससे पहले उसने गांधी जी को कभी देखा नहीं था, इसलिए रेलगाड़ी में उन्हें पहचान नहीं सका। बतिया पहुंचने पर स्टेशन पर जब हजारों लोगों की भीड़ ने गांधी जी का स्वागत किया, तब उस किसान को वास्तविकता का अहसास हुआ और शर्म के मारे उसकी नजरें झुक गई। वह गांधी जी के चरणों में गिरकर उनसे क्षमायाचना करने लगा। गांधी जी ने उसे उठाकर प्रेमपूर्वक अपने गले से लगा लिया।

ऐसी ही एक घटना दक्षिण अफ्रीका की है। एक प्रसिद्ध भारतीय व्यापारी रूस्तम जी गांधी जी के मुवक्किल और निकटतम सहयोगी भी थे। वे अपने सभी कार्य अक्सर गांधी जी की सलाह के अनुसार ही किया करते थे। उस दौरान कलकत्ता और बम्बई से उनका काफी सामान आता था, जिस पर वे प्राय: चुंगी चुराया करते थे। उन्होंने यह बात सदैव गांधी जी से छिपाकर रखी। एक बार चुंगी अधिकारियों द्वारा रूस्तम जी की यह चोरी पकड़ ली गई और उनके जेल जाने की नौबत आ गई। वे दौड़े-दौड़े गांधी जी के पास पहुंचे और उन्हें पूरा वृतांत सुना डाला। गांधी जी ने उनकी पूरी बात गौर से सुनने के बाद उन्हें उनके अपराध के लिए कड़ी फटकार लगाई और सलाह दी कि तुम सीधे चुंगी अधिकारियों के पास जाकर अपना अपराध स्वयं स्वीकार कर लो, फिर भले ही इससे तुम्हें जेल की सजा ही क्यों न हो जाए।

गांधी जी की सलाह मानकर रूस्तम जी उसी समय चुंगी अधिकारियों के पास पहुंचे और अपना अपराध स्वीकारते हुए भविष्य में फिर कभी ऐसा अपराध नहीं करने का वचन दिया। चुंगी अधिकारी उनकी स्पष्टवादिता से काफी प्रसन्न हुए और उन्होंने उन पर मुकद्दमा चलाने का विचार त्यागकर उनसे चुंगी की बकाया राशि से दोगुनी राशि वसूलकर उन्हें छोड़ दिया। ऐसा था गांधी जी का बातों का लोगों के दिलोदिमाग पर जादुई असर।


## ऐसे थे लाल बहादुर शास्त्री

वर्ष 1964 में प्रधानमंत्री बनने से पहले लाल बहादुर शास्त्री विदेश मंत्री, गृहमंत्री और रेल मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके थे। ईमानदार छवि और सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले लाल बहादुर शास्त्री नैतिकता की मिसाल थे। जब शास्त्री जी प्रधानमंत्री बने, तब उन्हें सरकारी आवास के साथ इंपाला शेवरले कार भी मिली थी लेकिन उसका उपयोग वे बेहद कम किया करते थे। किसी राजकीय अतिथि के आने पर ही वह गाड़ी निकाली जाती थी। एक बार शास्त्री जी के बेटे सुनील शास्त्री किसी निजी कार्य के लिए यही सरकारी कार उनसे बगैर पूछे ले गए और अपना काम पूरा करने के पश्चात् कार चुपचाप लाकर खड़ी कर दी। जब शास्त्री जी को इस बात का पता चला तो उन्होंने ड्राइवर को बुलाकर पूछा कि गाड़ी कितने किलोमीटर चली? ड्राइवर ने बताया कि गाड़ी कुल 14 किलोमीटर चली है। उसी क्षण शास्त्री जी ने उसे निर्देश दिया कि रिकॉर्ड में लिख दो, 'चौदह किलोमीटर प्राइवेट यूज'। उसके बाद उन्होंने पत्नी ललिता को बुलाकर निर्देश दिया कि निजी कार्य के लिए गाड़ी का इस्तेमाल करने के लिए वह सात पैसे प्रति किलोमीटर की दर से सरकारी कोष में पैसे जमा करवा दें।

प्रधानमंत्री बनने के बाद शास्त्री जी पहली बार अपने घर काशी आ रहे थे, तब पुलिस-प्रशासन उनके स्वागत के लिए चार महीने पहले से ही तैयारियों में जुट गया था। चूंकि उनके घर तक जाने वाली गलियां काफी संकरी थी, जिसके चलते उनकी गाड़ी का वहां तक पहुंचना संभव नहीं था, इसलिए प्रशासन द्वारा वहां तक रास्ता बनाने के लिए गलियों को चौड़ा करने का निर्णय लिया गया। शास्त्री जी को यह पता चला तो उन्होंने तुरंत संदेश भेजा कि गली को चौड़ा करने के लिए कोई भी मकान तोड़ा न जाए, मैं पैदल ही घर जाऊंगा।

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1940 के दशक में लाला लाजपत राय की संस्था 'सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी' द्वारा गरीब पृष्ठभूमि वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को जीवनयापन हेतु आर्थिक मदद दी जाया करती थी। उसी समय की बात है, जब लाल बहादुर शास्त्री जेल में थे। उन्होंने उस दौरान जेल से ही अपनी पत्नी ललिता को एक पत्र लिखकर पूछा कि उन्हें संस्था से पैसे समय पर मिल रहे हैं या नहीं और क्या इतनी राशि परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त है? पत्नी ने उत्तर लिखा कि उन्हें प्रतिमाह पचास रुपये मिलते हैं, जिसमें से करीब चालीस रुपये ही खर्च हो पाते हैं, शेष राशि वह बचा लेती हैं। पत्नी का यह जवाब मिलने के बाद शास्त्री जी ने संस्था को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि अगली बार से उनके परिवार को केवल चालीस रुपये ही भेजे जाएं और बचे हुए दस रुपये से किसी और जरूरतमंद की सहायता कर दी जाए।

रेलमंत्री रहते हुए शास्त्री जी एक बार रेल के ए.सी. कोच में सफर कर रहे थे। उस दौरान वे यात्रियों की समस्या जानने के लिए जनरल बोगी में चले गए। वहां उन्होंने अनुभव किया कि यात्रियों को कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे वे काफी नाराज हुए और उन्होंने जनरल डिब्बे के यात्रियों को भी सुविधाएं देने का निर्णय लिया। रेल के जनरल डिब्बों में पहली बार पंखा लगवाते हुए रेलों में यात्रियों को खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पैंट्री की सुविधा भी उन्होंने शुरू करवाई। 2 अक्तूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में जन्मे भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की आज हम जयंती मना रहे है। उनके बाद कई प्रधानमंत्रियों ने देश की बागडोर संभाली लेकिन उनके जितना सादगी वाला कोई भी दूसरा प्रधानमंत्री देखने को नहीं मिला। सही मायनों में शास्त्री जी को उनकी सादगी, कुशल नेतृत्व और जनकल्याणकारी विचारों के लिए ही स्मरण किया जाता है और सदैव किया भी जाता रहेगा। उनके पदि्चन्हों पर चलने का संकल्प लेना ही सच्चे अर्थों में उन्हें हमारी श्रद्धांजलि होगी।



# अक्टूबर माह में नवरात्रि से दिवाली तक त्योहारों की धूम रहेगी

ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा ने बताया कि अक्टूबर माह बेहद खास होगा इसमें हिंदी कैलेंडर के अश्विन और कार्तिक महीने पड़ेंगे। इस महीने में मां दुर्गा की पूजा का उत्सव नवरात्रि, करवाचौथ के साथ पड़ेगा। अक्टूबर में ही छह दिवसीय दीपोत्सव की धनतेरस से शुरुआत हो जाएगी।अक्टूबर माह त्योहारों का माह होने जा रहा है। इस महीने की शुरुआत से लेकर अंत तक व्रत-त्योहारों की झड़ी लगी हुई है। इस महीने की शुरुआत सर्वपितृ अमावस्या तिथि के साथ हो हो रही है और अंत नरक चतुर्दशी के साथ हो रहा है।3 अक्टूबर बृहस्पतिवार अश्विन शुक्ल प्रतिपदा शारदीय नवरात्रि का प्रारंभ होगा।

10 अक्टूबर बृहस्पतिवार पूर्वाषाढ़ नक्षत्र अश्विन माह सरस्वती पूजा होगी।

11 अक्टूबर शुक्रवार अश्विन शुक्ल अष्टमी नवमी महाष्टमी, महानवमी मनेगी।

12 अक्टूबर शनिवार अश्विन शुक्ल दशमी



विजयादशमी दुशहरा पर्व मनाया जायेगा।

13 अक्टूबर रविवार अश्विन शुक्ल एकादशी पापांकुशा एकादशी एवं दुर्गा विसर्जन होगा।

16 अक्टूबर बुधवार अश्विन पूर्णिमा कोजागर पूजा, शरद पूर्णिमा

17 अक्टूबर बृहस्पतिवार अश्विन पूर्णिमा तुला संक्रांति अश्विन पूर्णिमा

20 अक्टूबर रविवार कार्तिक कृष्ण चतुर्थी करवा चौथ मनाई जाएगी।

24 अक्टूबर बृहस्पतिवार कार्तिक अहोई अष्टमी मनेगी।

29 अक्टूबर मंगलवार कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी धन तेरस पर्व मनाया जायेगा।

30 अक्टूबर बुधवार कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी काली चौदस

31 अक्टूबर बृहस्पतिवार कार्तिक अमावस मनाई जाएगी।

1 नवंबर को दीपावली मनाई जाएगी।

2 नवम्बर को गोवर्धन पूजा

3 नवम्बर को भाई दूज मनेगी।

इस बार दीपावली पर्व छह दिन का रहेगा।

# नगर पालिका परिषद अम्बाह द्वारा शासकीय उ.मा. विद्यालय किला अम्बाह में रंगोली बनाकर छात्र छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश दिया

अम्बाह। 1 अक्टूबर 2024 को नगर पालिका परिषद अंबाह द्वारा शासकीय उ.मा. विद्यालय किला अंबाह में रंगोली प्रतियोगिता, स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत किया गया।

अंबाह नगर पालिका परिषद सीएमओ शारिब कौसर ने कहा कि हम अपने घर को साफ सुथरा रखें। कूड़े कचड़े को डस्टबीन में ही डाले। पानी को इकट्ठा नहीं होने दे। पानी इकट्ठा होने पर मच्छर पनपते हैं। उससे डेंगू जेसी बीमारी होने की संभावना रहती है। सीएमओ श्री शारिब कौसर एवं रवि शर्मा , रोहित सिंह स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं रामनरेश स्वच्छता पर्वेक्षक , सुमित राठौर , शिक्षकगण राजकुमार सिंह यादव , राजेश शुक्ला , राम सतीश राठौर , सत्य राम सकवार, भूप सिंह कपसिया एवं अनेक छात्र छात्राओं उपस्थित रहे।



## स्वच्छता सेवा अभियान के तहत गांधी जी की जयंती पर ली नशा मुक्ति शपथ नगर परिषद मौ




पुष्पांजलि टुडे मौ डॉ वेताल सिंह गौड़

दिनांक 02/10/2024 नगर परिषद मौ जिला भिण्ड द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्वछता ही सेवा - 2024 (17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024) की गतिविधि आयोजित की गई जिसमें स्वछता दिवस पर स्वछता उत्सव एवं स्वछता संवाद का आयोजन किया गया एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा स्वच्छता के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। व प्रतिनिधियों द्वारा स्वछता हेतु श्रमदान दिया गया, इसी के साथ साथ शासन आदेशानुदार एवं कलेक्टर महोदय के निर्देशों के पालन में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई उक्त गतिविधि मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में नागरिकों के सहयोग के साथ पूर्ण की गई उक्त गतिविधि में सीएमओ महेश पुरोहित, सुरेश जाटव, माताप्रसाद, तेज सिंह,मुन्नालाल जाटव प्रभारी सफाई दरोगा, विपिन यादव,रामनिवास यादव, गजेंद्र यादव, सुभाष यादव, आमिर खान स्वछता प्रभारी, पवन कुमार सहायक सफाई दरोगा, राजेश कुशवाह उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय संगठन केसरिया हिन्दू वाहिनी के ब्लाक अध्यक्ष कुंज बिहारी का हुआ भव्य स्वागत

लहार नगर के युवा गौभक्त कुंज बिहारी तिगुनायक को राष्ट्रीय संगठन केसरिया हिन्दू वाहिनी द्वारा लहार ब्लाक का अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर लहार नगर के वरिष्ठ समाजसेवी राजेश सौनी उर्फ मामा के निज निवास पर भव्य स्वागत का कार्यक्रम रखा गया,नगर के गौभक्तों और समाजसेवीयों ने कुंजबिहारी तिगुनायक का माल्यार्पण कर स्वागत एवं उत्साह वर्धन किया एवं गौ सेवा के क्षेत्र में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया गया राजेश सौनी प्रदीप शिवहरे, अजीत सिंह राजावत, पंचम सिंह चौहान, शत्रुघ्न सिंह कुशवाहा,हरे कृष्णा सोनी, कुलदीप तिवारी, कल्लू चौरसिया,भुपेंद्र सिंह पटेल आदि लोगों द्वारा स्वागत किया गया



# आगामी त्यौहारों को लेकर थाना लहार में शांति समिति की बैठक संपन्न



लहार-नवदुर्गा (नवरात्रि), दशहरा पर्व पर कानून व्यवस्था को लेकर हुआ शांति समिति की बैठक का आयोजन बैठक में एसडीओपी प्रवीण त्रिपाठी,थाना प्रभारी लहार रविंद्र शर्मा द्वारा उपस्थित सदस्यों से नवरात्रि पर होने वाले आयोजनों तथा दशहरा पर्व पर रावण के पुतलों के दहन पर रखने वाली सतर्कताओ के बारे में विस्तार से चर्चा की लहार कस्बा में सैंकड़ों स्थानों पर विराजेंगे मां दशहरा पर भाटनताल में होगा रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन आतिशबाजी का भी विशेष प्रोग्राम आयोजित होगा बैठक में पत्रकार गण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

# पिछोर नगर के जनपद पंचायत कार्यालय के सभागार में आगामी नवदुर्गा महोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न।

पिछोर --खबर शिवपुरी जिले के पिछोर से है जहां पर आज मंगलवार को दोपहर 1:00 जनपद पंचायत कार्यालय के सभागार में आगामी नवदुर्गा महोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा जी के नेतृत्व में हुई संपन्न। इस दौरान बैठक में उपस्थित नगर परिषद सीएमओ पिछोर तहसीलदार शिव शंकर सिंह गुर्जर ,विधायक प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी और नगर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगढ़ नवदुर्गा समिति के अध्यक्ष और समिति प्रतिनिधि एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित हुए। वहीं पर पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा जी ने जानकारी देते हुए बताया है कि आगामी नवदुर्गा महोत्सव का कार्यक्रम शांतिपूर्ण मनाया जाए। किसी भी प्रकार की अवस्थाएं न फैलाएं और नगर में शांति का माहौल बना रहे। इसके साथ ही बताया है। सभी नवदुर्गा समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि तेज आवाज में डीजे को न बजाया जाए। आगामी नवदुर्गा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए।




## छात्रवृत्ति संबंधित प्रमाण पत्रों के अपडेशन हेतु 03 से 11 अक्टूबर तक चलेगा विशेष अभियान

शहडोल। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा ने जानकारी दी है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कक्षा 01 से 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति की शत प्रतिशत एवं सरलतापूर्ण वितरण हेतु समस्त आदिवासी विकासखण्डों में प्रमाण पत्रों का निर्माण एवं अपडेशन हेतु संकुल स्तर पर 03 से 11 अक्टूबर 2024 तक विशेष अभियान चालाया जाएगा। उन्होनें बताया कि संकुल स्तर पर कैम्प भी आयोजित किए जाएंगे। जिसमें समस्त स्कूलों के प्राचार्य को अपनी शाला के शत-प्रतिशत अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के जाति, आय, समग्र, आधार आधारित बैंक खाता के फार्म एवं अन्य अभिलेख कैम्प प्रारंभ होने के पूर्व तैयार किए जाएगें।

## श्री शनि साईं श्याम मंदिर पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा

कानपुर ( उ.प्र.) -- शहर के जवाहर नगर स्थित श्री शनि सांई श्याम मंदिर समिति द्वारा खाटू श्याम की महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा सांसद राज्य सभा एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री रहे। डॉ. दिनेश शर्मा का स्वागत मंदिर के संरक्षक, उद्योगपति, वरिष्ठ समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल एवं मंदिर प्रबंधक सप्पू पाठक एवं नीलम पाठक द्वारा माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र पहनाकर किया गया। इसके पश्चात सेठ मुरारी लाल अग्रवाल और डॉ. दिनेश शर्मा खाटू श्याम की महाआरती में सम्मिलित हुए और मत्था टेक खाटू श्याम का आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूर्व उप-मुख्यमंत्री ने कहा वह बाबा श्याम के दरबार में पूजा-अर्चना करने आए हैं उन्होंने बाबा श्याम से देश-विदेश में अमन-चैन व खुशहाली की कामना की है। पूर्व उप मुख्यमंत्रीदिनेश शर्मा ने मीडिया के सवालों का जबाब देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिरों के विकास और उत्थान के लिए अत्यधिक कार्य कर रहे हैं और निरंतर करते चले आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए अत्यधिक धनराशि प्रदान की है। उप-मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने बाबा श्याम की पूजा-अर्चना करने के बाद मंदिर की तमाम व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया , मंदिर कमेटी के संरक्षक मुरारी लाल अग्रवाल एवं मंदिर प्रबंधक सप्पू पाठक सहित अन्य पदाधिकारीयों से मंदिर के बारे में बातचीत की तथा मंदिर में संचालित गतिविधियों की प्रशंसा की तथा हर संभव मदद का अश्वासन दिया। उप-मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कानपुर के वरिष्ठ समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपना कार्य तो कर रही है लेकिन कानपुर में कहे जाने वाले सेठो के सेठ मुरारी लाल अग्रवाल द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करता हूं , समाज हित में इनके द्वारा किए गए कार्य सराहनीय है जिसकी जितनी तारीफ की जाए वह कम ही है। वहीं मंदिर परिसर में वरिष्ठ समाजसेवी सेठ मुरारी लाल अग्रवाल ने गोद ली हुई 31 बच्चियों को उनकी प?ाई के लिए 2100 रुपये की चेक प्रदान की गयी और साथ ही कई कन्यायों की शादी कराने का पूरा खर्च



# शासकीय उत्कृष्ट उ मा विद्यालय ग्वालियर में विकास खंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन सम्पन्न

**ग्वालियर ।** ग्वालियर समग्र शिक्षा अभियान सेकेन्डरी एजुकेशन, मध्यप्रदेश (लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानने, उसे पोषित करने और शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2015 से कला उत्सव का आयोजन कर रहा है। इसी तारतम्य में विकास खंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उ. मा. विद्यालय ग्वालियर में संपन्न किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती मंजू सिंह विकास खंड शिक्षा अधिकारी मुरार, विशिष्ट अतिथि आफाक हुसैन जिला नोडल अधिकारी इको क्लब, अध्यक्षता प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय श्री प्रबुद्ध गर्ग , जिला नोडल अधिकारी श्री शमशाद खान , निर्णायक मंडल में मधु सूदन शर्मा सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं मनीष चंदेरिया शासकीय ललित कला संस्थान ग्वालियर, नृत्य संगीत में श्रीमती दीपा लिखार, श्रीमती पूजा सिंह, मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ. दीप्ति गौ? उपस्थित रहे । कला उत्सव हेतु इस वर्ष की विषय वस्तु विकसित भारत-वर्ष 2047 में भारत के लिए एक दृष्टिकोण है। यह स्कूलों में उत्सव की वह पहल है जो प्रत्येक वर्ष आयोजित हो रही है। जिला/राज्य/ राष्ट्रीय स्तर पर कला उत्सव की संरचना इस प्रकार की गई है। जिसमें कला प्रस्तुतियां एवं प्रदर्शनियां सम्मिलित है। कला उत्सव पारम्परिक लोक कलाओं और शास्त्रीय कलाओं की विभिन्न शैलियों पर केन्द्रित रहा । प्रतियोगिता में 6 कलाओं को सम्मिलित किया गया है। जिसके परिणाम



निम्नानुसार रहे

नृत्य (एकल) शास्त्रीय नृत्य

वाणी पाठक माउन्ट लिटेरा जी स्कूल

नव्या चौरसिया माउन्ट लिटेरा जी स्कूल

क्षेत्रीय लोक नृत्य जनजातीय

पद्मा राजे विद्यालय -मुस्कान राजपूत टीम

पारंपरिक कहानी वाचन

प्रथम- लक्ष्मी गौतम सी एम राइज पद?मा द्वितीय- अमृता जाट उत्कृष्ट मुरार मोनो एक्ट

प्रथम - पीयूष सेन शासकीय जीवाजीराव विद्यालय

वादन एकल

आई टी एम ग्लोबल स्कूल

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रतिभा भदौरिया एवं अनु परमार एवं आभार प्रदर्शन डॉ. उमेश पाठक ने किया ।इस अवसर पर श्रीमती रेखा मुले, पी बी श्रीवास्तव, सांस्कृतिक समिति श्रीमती सीमा गुप्ता, अखिलेश कुमारी, श्रीमती स्वीटी राजावत, श्रीमती रिचा अग्रवाल, श्रीमती संगीता उपाध्याय, श्रीमती सोनिया शर्मा, डॉ प्रदीप शर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागी गण एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षक उपस्थित रहे । जिला स्तरीय कला उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 4 अक्टूबर को शासकीय उत्कृष्ट उ मा विद्यालय मुरार में किया जायेगा । जिसमें विजेता प्रतिभागियों द्वारा सहभागिता की जावेगी

# आज भारतीय जनता पार्टी भितरवार मंडल कार्यालय पर विशेस सदस्यता अभियान पर चर्चा की

1अक्टूबर विशेष सदस्यता अभियान आज भितरवार मंडल में विशेष सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष परशुराम पवैया * एवं वरिष्ठ भाजपा नेता *श्री सुरेश उपाध्याय जी उपस्थित रहे सदस्यता अभियान को लेकर एवं आगामी पार्टी के कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चाएं की इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नितेश जैन आयुष्मान खानवर मनोज कुशवाहा लेखराज सिंह यादव सोशल मीडिया प्रभारी *वीरेंद्र सिंह किरार*एवं भाजपा कार्य करता उपस्थित रहे



## पिछोर नगर के जनपद पंचायत कार्यालय के सभागार में आगामी नवदुर्गा महोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न।

पिछोर --खबर शिवपुरी जिले के पिछोर से है जहां पर आज मंगलवार को दोपहर 1:00 जनपद पंचायत कार्यालय के सभागार में आगामी नवदुर्गा महोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा जी के नेतृत्व में हुई संपन्न। इस दौरान बैठक में उपस्थित नगर परिषद सीएमओ पिछोर तहसीलदार शिव शंकर सिंह गुर्जर ,विधायक प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी और नगर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारगढ़ नवदुर्गा समिति के अध्यक्ष और समिति प्रतिनिधि एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित हुए। वहीं पर पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा जी ने जानकारी देते हुए बताया है कि आगामी नवदुर्गा महोत्सव का कार्यक्रम शांतिपूर्ण मनाया जाए। किसी भी प्रकार की अवस्थाएं न फैलाएं और नगर में शांति का माहौल बना रहे। इसके साथ ही बताया है। सभी नवदुर्गा समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि तेज आवाज में डीजे को न बजाया जाए। आगामी नवदुर्गा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए।



# देश की पहली आधुनिक और आत्म-निर्भर गौ-शाला ग्वालियर में 10 हजार गायों से मिलेगा 100 टन गोबर कार्बन उत्सर्जन रोकने में बनेगी वैश्विक आदर्श

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जताया प्रधानमंत्री श्री मोदी और संतों का आभार

ग्वालियर देश की पहली आधुनिक और आत्म-निर्भर गौ-शाला ग्वालियर में लाल टिपारा में तैयार हो गई है। इस गौशाला में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के सहयोग से 2 हेक्टेयर क्षेत्र में बायो सी.एन.जी. प्लांट स्थापित हो गया है। इस प्लांट के संचालन के लिए 100 टन गोबर का उपयोग कर प्रतिदिन 3 टन तक सीएनजी और सर्वोत्तम गुणवत्ता का जैविक खाद 20 टन मिलेगा। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन प्लांट के संचालन एवं संधारण में भी सहयोग करेगा।गौ-शाला में यह सीएनजी प्लांट इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की सामाजिक जिम्मेदारी निधि से 32 करोड़ रूपये की लागत से बना है। भविष्य में विस्तार की संभावना को रखते हुए एक हेक्टेयर की भूमि आरक्षित रखी गई है। गौ-शाला को और विस्तार देने सांसद निधि से 2 हजार गायों के लिये आधुनिक शेड निर्माण के लिए 2 करो? रूपये की राशि दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और उनकी ÷वेस्ट टू वेल्थ÷ के विकास दर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होने संत समुदाय के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जो गौ-माता की सेवा कर रहे हैं। राज्य सरकार इस प्रयास के विस्तार के लिये पूरा सहयोग देगी। उल्लेखनीय है कि इंदौर में एशिया के सबसे बो सीएनजी प्लांट का संचालन हो रहा है। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।ग्वालियर की लाल टिपारा गौ-शाला आदर्श गौ-शाला में ग्वालियर नगर निगम और संत समुदाय के सहयोग से 10 हजार गायों की देखभाल की जा रही है। बायो सीएनजी प्लांट के साथ ही इंक्यूबेशन सेंटर भी जल्दी ही शुरू किया जायेगा।




### क्या होंगे फायदे

-प्लांट के विधिवत संचालन के दिन से ही लगभग 2 से 3 टन प्रतिदिन बायो सी.एन.जी. एवं लगभग 20 टन प्रतिदिन उच्च कोटि की प्राकृतिक खाद का उत्पादन होगा। इससे नगर निगम, ग्वालियर को भी लगभग 7 करोड़ रूपये की आय होगी। कार्बन उत्सर्जन कम करने और जलवायु परिवर्तन के खतरों का सामना करने में समाज और सरकार के आपसी सहयोग का यह विश्व स्तरीय आदर्श उदाहरण है। बायो सीएनजी प्लांट की स्थापना से पर्यावरण सुधरेगा। स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। गोबर धन के उपयोग से आर्थिक रूप से भी गौशाला आत्मनिर्भर बनेगी। ग्वालियर के आस-पास जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। किसानों को इस प्लांट से गोबर की खाद उचित दाम पर मिल सकेगी।

### ग्रीन ऊर्जा उत्पादन में आगे बढ़ता मप्र-

मध्यप्रदेश ने क्लीन और ग्रीन ऊर्जा उत्पादन की ओर तेजी से कदम बढ़ा दिये हैं। केन्द्रीय पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय की ताजा रिपार्ट के अनुसार गांवों में बायो गैस संयंत्रों की स्थापना में मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। पहले स्थान पर चंडीगढ और दूसरे पर उत्तर प्रदेश है। मध्यप्रदेश में 104 बायोगैस संयंत्र विभिन्न गांवों में संचालित हैं। सबसे ज्यादा 24 बैतूल में, बालाघाट 13 में और सिंगरौली में 12 हैं। स्थानीय स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध होने के साथ ही यह कार्बन उत्सर्जन रोकने में भी मदद करती है।

## महाराजा अग्रसेन जयंती पर करौली मंदिर नया बाजार से भव्य प्रभात फेरी 3 अक्टूबर को

व्यापारी एवं अग्रबंधुओं में भारी उत्साह



ग्वालियर - नया बाजार स्थित अग्रवाल करौलीवालान पंचायत मंदिर श्री मदन मोहन जी महाराज से दिनांक 3 अक्टूबर 2024 मंगलवार को अग्रसेन जयंती पर भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए मंदिरसमिति के महासचिव श्री सुनील अग्रवाल सनी ने बताया अग्रवाल वैश्य समाज के कुल प्रवर्तक एवम पूर्वज महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के शुभ अवसर पर प्रातः 8ः00 बजे नया बाजार स्थित श्री मदन मोहन महाराज मंदिर से प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है जो कि मंदिर से प्रारंभ होकर नया बाजार होते हुए दाल बाजार,इंदरगंज चौराहा, लोहिया बाजार होते हुए नया बाजार में मदन मोहन महाराज मंदिर पर आकर विराम होगी। श्री सुनील अग्रवाल सनी ने बताया आज अग्रवाल पंचायत के पदाधिकारी एवं सदस्यों श्री मोहनलाल अग्रवाल एमएलए ओम प्रकाश अग्रवाल लल्ला श्री रामनाथ अग्रवाल श्री सुनील अग्रवाल सनी,संजय अग्रवाल, श्री विकास बंसल, राजेश गर्ग आदि ने प्रभात फेरी के स्वागत और साथ में चलने हेतु दाल बाजार, नया बाजार लोहिया बाजार के व्यापारियों से संपर्क कि

## थाना छेहर्टा पुलिस द्वारा 02 अलग-अलग मामलों में 275 ग्राम हेरोइन, 10,42,690/- रुपये ड्रग मनी और स्विफ्ट कार और स्कॉर्पियन कार सहित 04 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

श्री गुरप्रीत सिंह भुल्लर,आईपीएस पुलिस कमिश्नर अमृतसर श्री



आलम विजय सिंह डीपी लॉ एंड ऑर्डर और श्री शिवदर्शन सिंह एसीपी वेस्ट, अमृतसर, मुख्य पुलिस अधिकारी छेहरटा, अमृतसर इंस्पेक्टर रॉबिन हंस की देखरेख में, एसआई गुरजीत सिंह प्रभारी पुलिस चौकी काले घनुपर, अमृतसर पुलिस पार्टी के साथ बाईपास मोड़ गांव काले घनुपुर के क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान 1. सुखचन सिंह उर्फ ??काला सुरो बलबीर सिंह निवासी गांव झंझोटी थाना राजासांसी, अमृतसर, 2. अमृतपाल सिंह उर्फ ??पाल पुत्र दिलबाग सिंह निवासी यूपी हाल गांव माधोसागा थाना रामदास जिला अमृतसर ग्रामीण और 3. हरमन सिंह पुत्र परगट सिंह निवासी गांव झंझोटी थाना राजासांसी जिला अमृतसर ग्रामीण 175 ग्राम हेरोइन और 1,20,000/ - उनके पास से ड्रग मनी और एक स्विफ्ट कार बरामद की गई।और उनकी निशानदेही पर 9,20,000/- रुपये की ड्रग मनी और एक कार स्किओपियो बरामद की गई। इनके पास से अब तक 175 ग्राम हेरोइन, 10,40,000/- रुपये ड्रग मनी और एक स्विफ्ट कार और एक स्कॉर्पियो कार बरामद की गई है। मामलों की जांच जारी है.

2.केस नंबर 174 दिनांक 30-09-2024 अपराध 27-ए, 61, 85 एनडीपीएस एक्ट थाना छेहरटा, अमृतसर।

गिरफ्तार आरोपी-नरिंदर सिंह उर्फ ??काला सुरो शिंगारा सिंह निवासी गली आबादी नानकपुरा, गुरु की वडाली, छेहरटा, अमृतसर।

ब्रमदगी- 100 ग्राम हेरोइन और 2690 ड्रग मनी। एसआई जग्गा सिंह और उनके साथियों ने आबादी नानकपुरा गुरु की वडाली इलाके से नरिंदर सिंह उर्फ ??काला सुरो शिंगारा सिंह निवासी गली आबादी नानकपुरा, गुरु की वडाली, छेहरटा, अमृतसर को गिरफ्तार किया और उसके पास से 100 ग्राम हेरोइन और 2690 ड्रग मनी जब्त की।

## श्री महामृत्युंजय जप , नित्य श्री पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक, 108 श्री दुर्गा सप्तशती पाठ का भव्य अनुष्ठान का होगा आयोजन

श्री बालाजी सरकार सदा कृपा बनाये रहे -/- श्री गोरव महाराज



ग्वालियर- अनंत श्री विभूषित पूज्य श्री गोरव जी महाराज जी महाराज के पावन सानिध्य एवं अध्यक्षता में श्री बालाजी धाम, मैना बाली गली, ग्वालियर में वेद निष्ठ ब्राह्मण आचार्यों द्वारा दिव्य नवरात्रि के पावन अवसर पर,, सबा लाख श्री महामृत्युंजय जप , नित्य श्री पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक, 108 श्री दुर्गा सप्तशती पाठ का भव्य दिव्य अनुष्ठान यज्ञ होने जा रहा है भागवत भूषण सुधीर कृष्ण शास्त्री जी के द्वारा बतलाया गया कि बाहर से पधारे हुए वेद विख्याताओं के द्वारा यह धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा उन्होंने कहा कि इन सभी धार्मिक आयोजनों में आप सभी प्रभु प्रेमी अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु , एवं समस्त कष्टों के निवारण हेतु श्री बालाजी धाम की नियमावली के अनुसार दर्शनार्थ सादर आमंत्रित हैं,अनुष्ठान दर्शन, एवं नित्य महा आरती के दर्शन ,अर्जी लगाकर अपने आप को धन्य करें

## महिला आरोग्य समिति का किया उन्मुखीकरण



ग्वालियर- स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम के अंतर्गत महिला आरोग्य समिति का उन्मुखीकरण वार्ड 44 वालाबाई का बाजार में किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व स्वास्थ्य संगठन से श्री विशाल श्रीवास्तव उपस्थित रहे जिन्होंने सभी महिलाओं को टीकाकरण कब और कितने समय के अंतराल से लगवाना चाहिए और कौन सा टीका कोन सी बीमारी से बचाता है। एवं कितनी आयु के बच्चे को कितनी खुराक दवा दी जानी चाहिए विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय एलडीसी एमआईएस श्रीमती अनुराधा पाराशर जी द्वारा सभी को पोषण आहार एवं मलेरिया डेंगू के बारे में बताया । एवं आशाओं के क्षेत्रीय कार्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपस्थित आशा कार्यकर्ता श्रीमती ज्योति सोनी श्रीमती भावना वर्मा गीता सूर्यवंशी रानी शुक्ला ममता हांडे शशि ठाकुर धनवंती शाक्य मनीषा प्रज्ञा थतै प्रीति खोपड़े दीपा जाटव कार्यक्रम में उपस्थित रही।कार्यक्रम के अंत आशा कार्यकर्ता ज्योति सोनी एवं भावना वर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## जेयू में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत किया गया स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन, छात्रों ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता संदेश

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के एमए राजनीतिक विज्ञान एवं लोकप्रशासन अध्ययनशाला ,एमबीए फाइनेंस व एमबीए एचआरडी, बीबीए एवं एमबीए फुलटाईम अध्ययनशाला द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा छात्रों ने रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया।यह स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा उद्देश्य को लेकर गांधी जयंती तक चलेगा।अभियान के तहत शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व छात्र छात्राओं द्वारा साफ-सफाई का कार्य किया गया। उन्होंने पानी की बोतलें, पॉलिथीन बैग और प्लास्टिक पैकेट जैसे प्लास्टिक कचरे को सावधानीपूर्वक एकत्र किया और उनका निपटान किया।स्वच्छता संबंधित जागरूकता बढ़ाने के लिए विभाग के समस्त छात्र एवं छात्राओं व शिक्षकों द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। स्वच्छता जागरूकता रैली का शुभारंभ कुलसचिव अरूण सिंह चौहान, प्रो. विवेक वापट, प्रॉक्टर एसके सिंह,डॉ. स्वर्णा परमार,डॉ. सतेन्द्र सिंह सिकरवार द्वारा किया गया। रैली



राजमाता चौराहे से आरंभ होकर विवि परिसर से होते हुए प्रशासनिक भवन पर समापन किया गया।कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान से संबंधित नुक्कड़ नाटक, गायन, चित्रकला प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा जल संरक्षण,ऊर्जा संरक्षण, पॉलिथीन का उपयोग न करें,महिला सशक्तिकरण व स्वच्छता को लेकर संदेश दिया गया।कार्यक्रम के पश्चात विभागाध्यक्ष डॉ. स्वर्णा परमार ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप देश का भविष्य है प्रांगण को स्वच्छ रखें न गंदगी फैलाएं न फैलाने दें।उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल छात्रों को पर्यावरण के लिए जिम्मेदारी लेने और समुदाय के लिए एक उदाहरण स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ ली।इस अवसर पर कुलसचिव अरूण सिंह चौहान,उप कुलसचिव राजीव मिश्रा,सहायक कुलसचिव अमित सिसोदिया,सहायक कुलसचिव जगपाल सिंह यादव, प्रो. एसके सिंह, प्रो. विवेक वापट, डॉ.सत्येंद्र सिंह सिकरवार,डॉ.स्वर्णा परमार,डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. प्राची सिंह, डॉ. प्रतीक सिंह, सौरभ तिवारी, स्वाति त्रिपाठी, डॉ. पूजा शर्मा, डॉ. श्याम बोहरा, मेघा, ज्योति, सपना, लता, दीप्ति सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478